''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 254 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शुक्रवार, 29 नवंबर 2024 samachargate@gmail.com

### जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## शंखनाद की ध्वनि के साथ सरस व शिल्प मेले के उद्घाटन से हुआ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शंखनाद की ध्वनि के बीच कुरुक्षेत्र में सरस और शिल्प मेले के उद्घाटन किया और इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस सरस और शिल्प मेले के शुभारंभ के साथ ही प्रदेश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों और शिल्पकारों की खुशी का ठिकाना ना रहा। इन कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर कर उद्घाटन समारोह को यादगार बनाने के साथ-साथ चार चांद लगाने का काम किया। इस सरस और शिल्प मेले के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंत्रौच्चारण के बीच महोत्सव के मीडिया सेंटर का भी उद्घाटन किया।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने वीरवार को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में दीपशिखा प्रज्जवलित करके परंपरा अनुसार सरस और शिल्प मेले का शुभारंभ किया और श्रीमदभगवद गीता की प्रति पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा को व्यक्त किया। इसके पश्चात राज्यपाल ने ब्रह्मसरोवर के तट पर शिल्प और सरस मेले का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ढोल-नंगाड़ा पार्टी, करतब दिखा रहे कलाकार, नृत्य कर रहे कलाकार और बीन पार्टी से बातचीत की। इतना ही नहीं राज्यपाल ने सरस मेले में जोधपुर से महोत्सव में पहली बार आई शिल्पकार प्रेमवती, भिवानी से शिल्पकार वीरेंद्र, राजस्थान की शिल्पकार अमोलक, हिमाचल हमीरपुर के शिल्पकार मेहर से उनकी शिल्पकला के बारे में विस्तार से पूछा। इन स्टॉलों पर राज्यपाल ने कुछ मिनट बिताए और शिल्पकला और सेल्फ हेल्प ग्रुप के बारे में भी जानकारी हासिल की। राज्यपाल ने इन स्टॉलों पर हाथ से बने कसीदा कला, हाथ से बने लोहे के बर्तन की प्रशंसा की है। इसके अलावा देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकला को देखकर शिल्पकारों के साथ अपने मन की भावनाओं को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए ऐतिहासिक अवसर है। इस शिल्प और सरस मेले की सुंदर और भव्य शुरुआत शिल्पकारों के लिए सार्थक होगी। इस ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर दूर-दराज से आने वाले लाखों पर्यटकों के लिए एक मंच पर विभिन्न राज्यों के शिल्पकारों और सरस मेले में पहुंचे सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों की कला देखने को मिलेगी। यह दृश्य पर्यटकों के लिए अद्भुत और अनोखा होगा। इस मेले के लिए केडीबी और प्रशासनिक अधिकारी बधाई के पात्र है, सभी के साझे प्रयासों से इस मेले का परंपरा अनुसार आगाज हुआ है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 का आयोजन 28 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा और मुख्य कार्यक्रम 8 दिवसीय होंगे और यह कार्यक्रम 5 से 11 दिसंबर तक चलेंगे। इस महोत्सव में संत सम्मेलन, दीपोत्सव, गीता सेमिनार, वैश्विक गीता पाठ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इन कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और प्राचीन संस्कृति से आत्मसात होने का अनोखा अवसर भी मिलेगा।

उपायुक्त नेहा सिंह ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तीर्थ यात्रियों के लिए प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए गए है। इस मौके पर थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, अंबाला मंडल आयुक्त गीता भारती, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंघल, केयूके के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, एनआईटी के निदेशक डा. के रमना, केडीबी सीईओ पंकज सेतिया, केयूके कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीथ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशील राणा, प्राधिकरण के सदस्य सौरव चौधरी, डा. रमनीत सिंह, केडीबी सदस्य अशोक रोसा, डॉ. ऋषिपाल मथाना, कैप्टन परमजीत सिंह, युद्घिष्ठर बहल, तिजेंद्र गोल्डी, सुभाष पाली आदि उपस्थित थे।

## हरियाणा के पढ़े-लिखे युवाओं को कच्चे और सस्ते मजदूर बना रही बीजेपी : हुड्डा

**युवाओं को योग्यता के मुताबिक रोजगार और काम के मुताबिक वेतन दे सरकार- हुड्डा**

**कौशल निगम की बजाय मनमानी बंद करके 2 लाख पक्की भर्तियां करे सरकार- हुड्डा**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी हरियाणा के युवाओं को कच्चे और सस्ते मजदूर बनाने की नीति पर आगे बढ़ रही है। इसीलिए खाली पड़े 2 लाख पदों पर पक्की भर्तियां करने की बजाय कौशल निगम के जरिए कच्चे कर्मचारी लगाए जा रहे हैं। ये सरकार पढ़े-लिखी युवाओं से बेहद कम वेतन में सस्ते मजदूरों की तरह काम ले रही है। कौशल निगम में ना ही किसी तरह की मेरिट है, ना ही कोई पेपर, ना योग्यता, ना आरक्षण, ना पारदर्शिता, ना पद और ना पेंशन। बीजेपी द्वारा मनमानी तरीके से बिना किसी क्राइटेरिया के कौशल निगम के जरिए भर्तियां की जा रही हैं।

हुड्डा ने कहा कि बीजेपी हरियाणा के युवाओं के साथ-साथ पूरे प्रदेश के भविष्य से खिलवाड़ है। क्योंकि जिस प्रदेश के युवाओं को उसकी योग्यता के मुताबिक रोजगार और काम के मुताबिक वेतन नही मिलता, उस प्रदेश का भविष्य अंधकारमय होगा। हरियाणा ने देश के तमाम राज्यों से ज्यादा विकास इसीलिए किया था, क्योंकि पहले की सरकारों ने अन्य राज्यों के मुक़ाबले ज्यादा पक्की भर्तियां कर अपने कर्मचारियों को उचित वेतन व पेंशन दिए थे। साल 2005 से 2014 तक कांग्रेस कार्यकाल के दौरान सरकारी विभागों में लगभग 2 लाख नौकरियां दी गई थी।

लेकिन बीजेपी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में इतनी नौकरियां भी नहीं, जितने कर्मचारी रिटायर हुए। इसलिए आज प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। बीजेपी ने चुनाव में इन पदों पर पक्की भर्तियां करने का वादा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद भाजपा अपना वादा भूल गई और फिर से कौशल निगम के जरिए भर्तियां करना शुरू कर दिया। हुड्डा ने कहा कि युवाओं के भविष्य से यह खिलवाड़ बंद होना चाहिए और पक्की नौकरियों का इंतजार कर रहे लाखों युवाओं को एचएसएससी और एचपीएससी के जरिए नौकरियां दी जानी चाहिए।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में 15 करोड़ की लागत से बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का किया उद्घाटन

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को हिसार के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए कहा कि यह कॉलेज महाराजा अग्रसेन जी के मानव सेवा के अभियान को निरंतर जारी रखेगा। श्री ओपी जिंदल ने जो पौधा लगाया था, वो आज वट वृक्ष बन गया है, ये हमारे लिए गर्व की बात है। यह मेडिकल कॉलेज हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।



श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ये दो नई सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेंगी। 4 एकड़ में बने खेल परिसर में तीन मल्टी पर्पस हॉल, स्विमिंग पूल, एक जिम, योग कक्ष व रेस्टोरेंट बनाए गए हैं। इस पर 10 करोड़ रुपये की लागत आई है। 5 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से तीन एकड़ में बने छात्रावास में 54 कमरे बनाये गये हैं, जिससे छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्थान को अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

**अग्रोहा की महान विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर करेंगे संरक्षित**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अग्रोहा के पुरातातविक स्थल की खुदाई की मंजूरी दी है। इससे अग्रोहा की प्राचीन विरासत के जल्द की उजागर होने की उम्मीद जगी है। इस महान विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर संरक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने हरियाणा की धरती से एक रुपया-एक ईंट का सिद्धांत देकर समाजवाद और गणतंत्र को साकार किया। आज जब हम अपने गणतंत्र का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो अग्रोहा गणतंत्र पर हमें विशेष गर्व है। महाराजा अग्रसेन का यह गणतंत्र वर्तमान समय में दुनिया के सबसे बडे गणतंत्र भारत की नींव है। हरियाणा सरकार ने महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं और सिद्धांतों को याद रखते हुए हिसार हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखा है। एयरपोर्ट का काम अंतिम चरण में चल रहा है, इसका जल्द उद्घाटन किया जाएगा। इससे हरियाणा, पंजाब और राजस्थान को लाभ होगा।

## खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देना सरकार की है प्राथमिकता : खेल मंत्री गौरव गौतम

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन व कामनवेल्थ खेलों में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का डंका बजा रहे हैं।



आगामी ओलंपिक में भी हरियाणा के खिलाड़ी देश के लिए ज्यादा से ज्यादा पदक जीतें, इसके लिए प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को खेल के मैदानों से लेकर उनकी खुराक का पूरा ख्याल रखी रही है। हरियाणा की खेल नीति देश में सबसे अच्छी है। इसी का नतीजा है कि हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदकों की झड़ी लगा रहे है। सरकार का उद्देश्य है कि खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए बेहतर माहौल दिया जाए। इसके लिए खेल विभाग द्वारा रूपरेखा तैयार की जा रही है।

खेल मंत्री श्री गौरव गौतम आज सिविल सचिवालय में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी जिला व ब्लाक स्तर के खेल स्टेडियमों में खेल का सामान ,उपकरण व अन्य सामान समय पर पहुंचाया जाएं, ताकि खिलाड़ी और अच्छे से अभ्यास करके देश के लिए पदक जीत सकें। इसके साथ-साथ स्टेडियमों की सफाई व मरम्मत का कार्य भी शीघ्र किया जाए। खिलाड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को कैश अवार्ड समय पर मिले। इसके लिए अधिकारी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने खिलाड़ियों को खुराक भत्ता समय पर देने के भी निर्देश दिए।

मंत्री श्री गौरव गौतम ने 12 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाले हरियाणा केसरी व हरियाणा कुमार कुश्ती दंगल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस आयोजन को बेहतर तरीके से किया जाए। पहलवानों के ठहरने की व्यवस्था दुरुस्त हो और खाने-पीने में कम नहीं होनी चाहिए। इस आयोजन कि वे स्वयं मॉनिटरिंग करेंगे। बैठक में अधिकारियों ने खेल मंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में 1500 खेल नर्सरियां चल रही हैं। खिलाड़ियों को अच्छी सुविधा दी जा रही है। खिलाड़ियों को खुराक भत्ता मुहैया करवाया जा रहा है।

बैठक में खेल विभाग प्रधान सचिव नवदीप विर्क और खेल विभाग के निदेशक यशेंद्र सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में उच्च अधिकारियों की बैठक आयोजित

**रेवाड़ी जिला में पिछले दिनों हुई लूटपाट की घटना का लिया कड़ा संज्ञान, लापरवाही बरतने वाले चार एसएचओ को निलंबित करने के दिए आदेश**

**क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर दिया बल, एफएसएल मे तैनात स्टाफ की संख्या हुई पहले से दोगुनी**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने जिला रेवाड़ी में पिछले दिनों हुई लूटपाट की घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए लापरवाही बरतने वाले 4 एसएचओ को निलंबित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

वे पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में प्रदेश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित जिला पुलिस अधीक्षकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में कानून व्यवस्था सुचारू रखने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई बार दिशा निर्देश व चेतावनी दी गई है, साथ ही अब लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस फील्ड में अपनी मौजूदगी को प्रभावी बनाएं और संदिग्ध लोगों से पूछताछ करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे प्रत्येक स्तर पर कार्यरत अधिकारी अथवा कर्मचारी की काम को लेकर टास्किंग करें। उन्होंने कहा कि काम को लेकर कर्मचारियों की रिपोर्टिंग व्यवस्था जितनी मजबूत व अच्छी होगी, फील्ड में पुलिस की कार्य प्रणाली उतनी ही बेहतर होगी। उन्हें रोजाना सुबह काम दें और शाम को



काम का हिसाब ले। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिकारी काम को सुपरवाइज करते रहे।

श्री कपूर ने कहा कि काम के दौरान यदि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी लापरवाही बरतता पाया गया तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई जरूर होगी। अपराधी वारदात को अंजाम देने से पहले जिस रास्ते का इस्तेमाल आने के लिए तथा घटना के बाद जाने के लिए करेगा, उस रूट में पड़ने वाले थाना प्रभारी तथा ड्यूटी पर तैनात स्टाफ की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस फील्ड में संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखें और उनसे पूछताछ करें।

इसके साथ ही श्री कपूर ने हरियाणा पुलिस की क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि जिला अधीक्षक नियमित तौर पर जिलों में नए आपराधिक कानूनों तथा शस्त्र संचालन के कोर्सेज करवाते रहे। जिलों में स्वाट टीमो के रिफ्रेशर कोर्सेज करवाए और उन्हें रिव्यु करते रहे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक अपने जिलों में ज्वेलरों, बैंकों, पेट्रोल पंप तथा व्यापार संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते रहें। इस दौरान उनसे आवश्यक सावधानियां बरतने तथा पुलिस के साथ तालमेल स्थापित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा करें। इसके साथ-साथ जिलों में इंस्टॉल किए गए सीसीटीवी कैमरे सही व उच्च गुणवत्ता के होने चाहिए । पुलिस अधीक्षक इन सीसीटीवी कैमरो को समय-समय पर चेक करते रहें कि ये ठीक से काम कर रहे हो।

इसके साथ ही श्री कपूर ने कहा कि हरियाणा पुलिस की फॉरेंसिक साइंस लैब में कार्यरत स्टाफ की संख्या को पहले की अपेक्षा दोगुना कर दिया गया है। अब फॉरेंसिक लैब में भेजे जाने वाले नमूनों की जांच पहले की अपेक्षा जल्दी हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिलों में भी फॉरेंसिक लैब स्थापित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जिलों में स्थापित होने वाली इन फॉरेंसिक लैब को सुदृढ़ बनाएं ताकि जिला में एकत्रित होने वाले नमूनों के लिए वह सिंगल पॉइंट ऑफ कलेक्शन हो।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध शाखा ममता सिंह, आईजी पर्सोनल राज श्री, पुलिस आयुक्त पंचकूला राकेश आर्य, एआईजी प्रोविजनिंग कमलदीप गोयल, एआईजी वेलफेयर मोहित हांडा, एआईजी एडमिन हिमांशु गर्ग सहित कई अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बल्लभगढ़ मेट्रो स्टेशन पर यातायात नियमों के प्रति आमजन को डीसीपी जसलीन कौर ने किया जागरुक

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के आदेशानुसार बल्लभगढ़ मेट्रो स्टेशन पर सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर ने आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और सड़क सुरक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें:**

**दोपहिया वाहन चालकों के लिए सलाह:**

दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया।

पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट पहनने की सलाह दी गई, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

डीसीपी ट्रैफिक ने कहा, घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है, इसलिए अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें।

**2. सड़क पार करने के नियम:**

सड़क पार करते समय ईयरफोन का उपयोग न करने की सलाह दी गई, ताकि वाहन आवाज सुनकर सतर्क रहें। दोनों ओर देखकर ही सड़क पार करें और ग्रिल को पार न करें, क्योंकि इससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। लोगों को बताया गया कि सड़क पार करने के लिए हमेशा फुटओवर ब्रिज या जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें।

**3. चार पहिया वाहन चालकों के लिए सुझाव:**

चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया।

सीट बेल्ट न लगाने से गंभीर दुर्घटना में जान का खतरा बढ़ जाता है।



**4. हिट एंड रन मामलों में मुआवजा:**

जनता को हिट एंड रन मामलों में मिलने वाले मुआवजे के बारे में जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2,00,000 और गंभीर रूप से घायल होने पर 50,000 का मुआवजा दिया जाता है। मुआवजे के लिए आवेदन प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया गया।

**5. अच्छा समर्थक नियम और सहायता:**

उपस्थित लोगों को गुड सेमेरिटन रूल के बारे में बताया गया, जिसमें सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले को कानूनी संरक्षण मिलता है। सभी को प्रोत्साहित किया गया कि वे सड़क पर घायल व्यक्तियों की मदद करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

**संदेश:**

डीसीपी जसलीन कौर ने जनता से आह्वान किया कि वे फरीदाबाद को सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा करने की अपील की। यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में एक सफल कदम साबित हुआ।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

देश समाचार



## ह्यूमन ट्रैफकिंग मामले में 6 राज्यों में 22 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। मानव तस्वकरी के मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है।एनआईए की टीम ने देशभर में छापेमारी की है।सूत्रों के मुताबिक, 6 राज्यों में 22 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।इससे पहले एनआईएन ने बुधवार को देश में हथियार और गोला-बारूद की तस्करी संबंधी आतंकी संगठनों की साजिश की जांच के तहत कई राज्यों में नौ स्थानों पर छापेमारी की।एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। एनआईए की ओर से जारी बयान के मुताबिक, एनआईए की कई टीम ने हरियाणा के पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम जिलों, पंजाब के जालंधर जिले और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क मामले में संदिग्धों के परिसरों की तलाशी ली।जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि तलाशी के दौरान मोबाइल/डिजिटल उपकरण, बैंकों के लेनदेन और संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गईं।

## हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की गहलोत ने की निंदा

जयपुर।राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा और इस्कान प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की निंदा की है।उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार से वहां रहे हिन्दू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। कांग्रेस नेता गहलोत ने पोस्ट में लिखा, ''बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ लगातार जारी हिंसा एवं हिंसा के खिलाफ लगातार बोल रहे चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी निंदनीय है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में पीएम शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से ही हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा जारी है परन्तु नई अंतरिम सरकार ने हिंसा रोकने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाए हैं। 1970 के दशक में जब ऐसी गतिविधियां हुईं थीं तब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सख्त कदम उठाकर वहां हिंदुओं एवं सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की थी।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि '' भारत सरकार को हस्तक्षेप कर वहां रह रहे हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।



## दिल्ली में दिमागी बुखार का एक मामला सामने आया

नई दिल्ली ।देश की राजधानी दिल्ली में दिमागी बुखार का एक मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय शुरू कर दिए गए हैं, और चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्रों ने दिल्ली नगर निगम द्वारा जारी आदेश का हवाला देकर कहा कि पश्चिमी दिल्ली के 72 वर्षीय व्यक्ति को सीने में दर्द के बाद तीन नवंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। सूत्र ने कहा कि रोगी 20 साल से अनियंत्रित मधुमेह सहित विभिन्न रोगों से पीड़ित है और अस्पताल में भर्ती कराने दौरान रोगी की दिमागी बुखार (जापानी एंसेफलाइटिस) जांच की गई, जिसके लिए छह नवंबर को उसका रक्त का नमूना लिया गया था। सूत्र ने बताया कि वह 'आईजीएम एलिसा' से संक्रमित पाया गया, जिसके बाद 15 नवंबर को उस छुट्टी दे दी गई।आईडीएसपी डेटा के अनुसार, 2024 में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दिमागी बुखार के 1,548 मामले सामने आए, जिसमें सिर्फ असम से 925 मामले शामिल है।

## राष्ट्रद्रोह मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हुई कंगना रनौत

आगरा । राष्ट्रद्रोह वाद में भाजपा सांसद एवं सिने तारिका कंगना रनौत के लिए स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह ने धारा 200 सीआरपीसी के तहत अधिवक्ताओं के बयान दर्ज होने के बाद नोटिस भेजा था।जिसमें लिखा था कि अगर विपक्षी को अपना पक्ष रखना है तो व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में पेश हों। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ दायर वाद में गुरुवार को सुनवाई हुई। कंगना रनौत को आना था, लेकिन न तो वो आईं और नाहीं उनके अधिवक्ता।इसके बाद कोर्ट ने 12 दिसंबर की तारीख सुनवाई के लिए दी गई है। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह ने धारा 200 सीआरपीसी के तहत अधिवक्ताओं के बयान दर्ज होने के बाद विपक्षी को नोटिस भेजा था।वह उनके पते पर पहुंच गया, जिसमें लिखा था कि अगर विपक्षी को अपना पक्ष रखना है तो व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में पेश हों।वरिष्ठ अधिवक्ता ने वाद पत्र में लिखा था कि वह देश के किसानों के प्रति और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति पूर्ण रूप से श्रद्धा भाव एवं सम्मान रखते हैं।26 अगस्त 2024 को भाजपा सांसद कंगना रनौत ने टीवी चैनलों पर दिए साक्षात्कार में किसानों पर अभद्र टिप्पणी की।इसके पहले 16 नवंबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसात्मक सिद्धांत का मजाक उड़ाया था।

## यूपीआई फ्रॉड के मामले बढ़े, 485 करोड़ रुपए की ठगी

नई दिल्ली ।यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए होने वाले फ्रॉड के मामलों में वृद्धि देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीयों ने यूपीआई धोखाधड़ी के के चलते लगभग 485 करोड़ रुपए गंवा दिए हैं।वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल यूपीआई से धोखाधड़ी की घटनाएं छह लाख 32 हजार तक पहुंच चुकी हैं। ये आंकड़े सितंबर महीने तक के जारी किए गए हैं। वहीं 2022-23 से अब तक की अवधि में 27 लाख लोगों के साथ धोखाधड़ी की घटनाएं हुई है, जिसमें यूजर्स को 2145 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।वहीं, सिर्फ साल 2023-24 में 13 लाख से ज्यादा लोगों के साथ यूपीआई की धोखाधड़ी हुई हैं, जिसमें इन लोगों ने कुल 1087 करोड़ रुपए गंवा दिए हैं।

# भाजपा नेता टंडन का कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पर तंज, ईवीएम को नहीं, बल्कि राहुल गांधी को बदलें

### कांग्रेस की हार का कारण राहुल गांधी का बेकार मैनेजमेंट

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने संगठन पर्व की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा ईवीएम पर सवाल पर पलटवार किया है। भाजपा नेता टंडन ने कटाक्ष किया कि खराबी ईवीएम में नहीं, राहुल गांधी में है। कांग्रेस को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम के कारण नहीं, बल्कि उसके नेतृत्व के खराब प्रबंधन के कारण हुई है। उन्होंने खरगे से कहा कि वह ईवीएम को नहीं, बल्कि राहुल को बदलें। वह उनकी जगह किसी अन्य को लाने पर विचार करें। ईवीएम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एनर्जी, विकास और मेहनत के रूप में परिभाषित करते हुए टंडन ने कहा कि कांग्रेस को आरबीएम यानी राहुल का बेकार मैनेजमेंट हरा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ईवीएम को साइड में रखने की बात कह रहे हैं, जबकि जनता ने कांग्रेस को ही साइड में रख दिया है। झारखंड में वह भाजपा से पीछे है और महाराष्ट्र में बर्बाद हो चुकी है।

भाजपा नेता टंडन ने तंज कसा कि कांग्रेस को न ईवीएम चाहिए, न न्यायपालिका चाहिए, न चुनाव आयोग चाहिए, न ईडी-सीबीआई चाहिए। कांग्रेस को कुछ नहीं चाहिए, तब कांग्रेस के लिए सर्वोच्च उपयुक्त स्थान मंगल ग्रह है। वहां कुछ नहीं है। वहां जाकर शहजादे को कुर्सी पर बैठाएं। खरगे का बयान याद दिलाया कि एससी, एसटी, ओबीसी और गरीबों के वोट ईवीएम के कारण खराब हो रहे हैं।

टंडन ने खड़गे के बयान पर कटाक्ष कर कहा कि खड़गे ने ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर लाने की मांग की है। कांग्रेस पार्टी चाहे ईवीएम को साइड में रखे या न रखे, लेकिन महाराष्ट्र और देश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है। कांग्रेस पार्टी हर चुनावी राज्य में हाशिए पर पहुंच चुकी है। महाराष्ट्र में महायुती सरकार ने प्रचंड जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस 288 विधानसभा सीटों में से मात्र 16 सीटें जीत सकी है। यह कांग्रेस के जनाधार के पतन को दिखाता है। झारखंड जैसे राज्य में भी कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी से काफी पीछे है।

दरअसल,इस करारी हार ने पार्टी को हताश कर दिया है, इसकारण राहुल गांधी और कांग्रेस एवं विपक्ष के अन्य नेता गुस्से में बेतुके बयान दे रहे हैं। टंडन ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि हम बैलेट पेपर किसी भी कीमत पर लेकर आएंगे और ईवीएम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के घर रखवा दिया जाएगा। पीएम नरेन्द्र मोदी के घर में ईवीएम पहले से मौजूद है, ई फॉर एनर्जी, वी फॉर विकास और एम फॉर मेहनत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मशीन की तरह ही काम करते हैं और उनकी अतुलनीय मेहनत के



कारण ही भारतीय जनता पार्टी लगातार जीत रही है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्क पर हो रहा है दनादन एक्शन, कई लोग गिरफ्तार, हथियार और पैसा भी बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के उद्देश्य से की गई व्यापक कार्रवाई के दौरान आतंकी समूहों से जुड़े 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकी समूहों को रसद और वित्तीय मदद प्रदान करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा मल्हार, बानी और बिलावर के ऊपरी इलाकों के अलावा काना चक, हरिया चक, स्प्राल पेन और चक वजीर लाहबजू के सीमावर्ती क्षेत्रों में 17 स्थानों पर संयुक्त रूप से व्यापक अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि मल्हार, बिलावर और बानी थानों में दर्ज आतंकी घटनाओं से संबंधित तीन प्राथमिकियों के सिलसिले में सवाधानी और योजनाबद्ध तरीके से की गई छापेमारी से आतंकी समूहों से जुड़े 10 लोगों की पहचान और गिरफ्तारी हुई।हम आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों में, जम्मू क्षेत्र में पुलिस ने राजौरी, पुंछ, उधमपुर और रियासी सहित कई अन्य जिलों में 56 से अधिक छापेमारी कर जैश ए मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी नेटवर्क पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बड़े पैमाने पर अभियान के परिणामस्वरूप आतंकवादियों के कई मददगारों और आतंकी संदिग्धों की गिरफ्तारी हुई तथा साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, दस्तावेजों, बेहिसाबी नकदी, हथियारों और गोला-बारूद सहित अभियोजन योग्य सामग्री बरामदगी हुई।जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने कहा, ''छापेमारी के दौरान जुटाई गई सामग्री और जानकारी के आधार पर जांच जारी रहेगी। क्षेत्र में शांति को बाधित करने का प्रयास करने वाले किसी भी शेष तत्व को लक्षित करने के लिए आगे के अभियानों की योजना बनाई गई है।'

## बिहार: 'माई' और 'बाप' का फॉर्मूला पूरी तरह से हुआ फेल, अब आरक्षण पर चलेगी सियासत

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में आए दिन बदलाव होते रहते हैं। यहां बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आरक्षण के मुद्दे पर खूब उछल रहे हैं। ये जानते हुए भी कि बिहार में उनका 'माई' और 'बाप' का फॉर्मूला पूरी तरह से फेल हो चुका है। अब तजस्वी यादव बिहार सरकार से वंचित जातियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को '85 प्रतिशत' आरक्षण देने की मांग करने लगे हैं। मतलब साफ है कि अब आरक्षण के मुददे पर बिहार से सियासत चलेगी। तेजस्वी यादव ने मंगलवार को विधानसभा में इसको लेकर कार्य स्थगन का प्रस्ताव दिया था, जिसे विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने स्वीकार नहीं किया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर तेजस्वी यादव को बोलने का मौका दिया। लेकिन, इस दौरान तेजस्वी यादव और डिप्टी सीएम स्त्रमाट चौधरी में तीखी बहस शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह, लालू यादव और राबड़ी देवी का जिक्र होने लगा।

बता दें कि सम्राट चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा था कि लालू यादव ने एक भी आदमी को आरक्षण नहीं दिया। इसी मुद्दे पर तेजस्वी यादव बुधवार को सम्राट चौधरी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा, 'उन्होंने कैसे बोल दिया कि लालू यादव ने आरक्षण नहीं दिया? सबसे पहले



आरक्षण लालू यादव की सरकार ने ही दिया था। सम्राट चौधरी को शर्म आनी चाहिए। अज्ञानी आदमी हैं। झूठ बोल रहे हैं। संगत का असर है या पार्टी का? लालू यादव ने ही 12 प्रतिशत अति पिछड़े के आरक्षण को बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया था। फिर राबड़ी देवी की सरकार ने 14 प्रतिशत के आरक्षण को 18 प्रतिशत कर दिया।तेजस्वी यादव ने आगे कहा, 'सम्राट चौधरी कहते हैं कि पंचायत में आरक्षण नीतीश कुमार ने दिया है। वो अपनी गलती सुधार लें। पंचायत में जो आरक्षण मिला है उसका मसौदा राबड़ी देवी की सरकार में तैयार हुआ था। मामला कोर्ट में चला गया था, जिसे बाद में नीतीश कुमार ने लागू किया। सम्राट चौधरी को यह जानना चाहिए कि लालू यादव के कारण ही आरक्षण को लेकर बीपी सिंह को गाली सुननी पड़ी थी।

## उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की खुद के दम पर खड़े होने की योजना

### सपा के भरोसे नहीं है कांग्रेस का मिशन-2027

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अभी से रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। चुनाव को भले ही दो साल से ज्यादा का समय है, लेकिन कांग्रेस अभी से खुद की सियासी जमीन तलाशना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस खुद के दम पर खड़े होने की योजना बना रही है। कांग्रेस का मिशन 2027 समाजवादी पार्टी के भरोसे नहीं है। इसके लिए कांग्रेस राज्य की सभी 403 सीटों को तीन हिस्सों में बांटकर अभी से चुनावी योजना पर काम कर रही है, जिसमें पहले 160 सीट पर खास फोकस करने की योजना है। इसके बाद 243 सीटों को दूसरे और तीसरे नंबर पर रखकर पार्टी आगे बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अनिल यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी



शुरू कर दी है। कांग्रेस यूपी की 160 सीटों पर पहले फोकस करने रणनीति बना रही है। राज्य के हर जिले में कम से कम दो सीटों पर कांग्रेस 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इस संबंध में यूपी के 13 जिलों में बैठकें हो चुकी हैं। देवीपाटन मंडल से जिला स्तरीय बैठक में विधानसभा सीटों का चयन पर विचार किया जाएगा।

**हम गठबंधन के भरोसे नहीं बैठे रहेंगे: अनिल यादव**

अनिल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़े थे और अभी भी हमारा गठबंधन है, लेकिन हम सिर्फ गठबंधन के भरोसे नहीं बैठे रहना चाहते। सीटों के चयन के साथ-साथ संगठन को भी मजबूत करने की कवायद चल रही है। ऐसे में 160 सीटों का चयन पार्टी नेताओं के सलाह करने के लिए ही जिला स्तर पर बैठकें कर रहे हैं। यूपी में कांग्रेस का मुख्य फोकस दलित, ओबीसी और मुस्लिम बहुल विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का है। 160 सीटों के चयन के बाद कांग्रेस जनहित से जुड़े मुद्दों लेकर अलग-अलग कार्यक्रम शुरू करेगी. इन सीटों पर कांग्रेस जातिगत जनगणना और आरक्षण के मुद्दे को धार देने की स्ट्रैटेजी भी बना रही है ताकि, दलित, ओबीसी और मुस्लिम वोटों को विश्वास जीता जा सके। अनिल यादव का कहना है कि सामाजिक न्याय के मुद्दे पर लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन को जीत मिली थी, उसे लेकर हम विधानसभा चुनाव में उतरेंगे।

## बिरसा मुंडा के परपोते का हाल जानने रिम्स पहुंचे हेमंत सोरेन, पत्नी भी थी साथ

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष और मनोनीत सीएम हेमंत सोरेन राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) पहुंचे। रिम्स में उन्होंने आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंगल मुंडा पिछले दिनों एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रिम्स के नए ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और उन्होंने चिकित्सकों से मंगल मुंडा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। रिम्स के 'चीफ सीनियर रेजिडेंट' ने बताया कि हादसे में मंगल मुंडा के मस्तिष्क में गंभीर चोट थी और मस्तिष्क के दोनों तरफ खून के थक्के जम गए थे। दुर्घटना में काफी खून बह गया था और उन्हें तत्काल ऑपरेशन की जरूरत थी। मंगलवार को उनका सफल ऑपरेशन किया गया। अब वह खतरे से बाहर हैं।



## कांग्रेस ने कहा-सेबी जैसी संस्थाओं की जांच हो और अडानी के खिलाफ सदन में चर्चा हो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने धोखाधड़ी और रिश्वत देने के आरोपों को लेकर अमेरिका में हुए खुलासे पर उद्योगपति अडानी को गिरफ्तार करने की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने अडानी के खिलाफ आरोपों पर सदन में विस्तृत चर्चा के साथ जांच एजेंसियों और सेबी जैसे संस्थान द्वारा निष्पक्ष जांच करने की भी मांग उठाई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने तथ्यों के साथ अमेरिकी जांच में गौतम अडानी का नाम कहीं नहीं होने के भ्रामक दावों पर भी पलटवार किया।

कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने तंज कसा कि अमेरिका में वारंट जारी होने के बाद से दुनिया भर में अडानी के कारनामों का डंका बज रहा है। विदेशों में अडानी की परियोजनाएं रद्द की जा रही हैं, निवेश पर रोक लगाई जा रही है और उनका विरोध हो रहा है। कई देशों में अडानी से जुड़ी डील की जांच हो रही है। मूडीज और फिच जैसी बड़ी रेटिंग एजेंसियों ने अडानी समूह की कंपनियों के लिए अपना आउटलुक



'नकारात्मक' कर दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने केंद्र सरकार और भाजपा पर अडानी को बचाने के आरोप लगाते हुए कहा कि संसद में चर्चा तो दूर अडानी का नाम लेने पर ही सदन स्थगित कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, गौतम अडानी को नरेंद्र मोदी के दखल के बाद अलग-अलग देशों में प्रोजेक्ट मिलते हैं। आज अडानी सिर्फ भारत में ही सेफ हैं, जांच एजेंसियां मूकदर्शक बनी बैठी हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चलते कोई उनका कुछ नहीं कर सकता।

अमेरिकी जांच में गौतम अडानी का नाम कहीं नहीं होने के दावों की पोल खोलते हुए श्रीनेत ने कहा, इन मूर्खतापूर्ण दलीलों से अमेरिकी एजेंसियों और वहां के डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप नहीं धुलने वाले। आज सुबह अडानी के तंत्र द्वारा एक शिगूफा छोड़ा गया कि डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस के दस्तावेज में काउंट एक से पांच में अडानी का नाम नहीं है। लेकिन वो ये बताना भूल गए कि अमेरिका का विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम वहीं के नागरिकों पर लागू होता है, वो विदेशी नागरिकों पर लागू नहीं होता। उन्हीं काउंट में अडानी की पार्टनर अमेरिकी कंपनी का नाम है; अमेरिकी न्याय विभाग ने अडानी को दोषी ठहराने वाले सबूत पेश किए हैं। अमेरिका में लगे आरोपों पर भारत में क्यों कार्रवाई हो इस सवाल के जवाब में श्रीनेत ने कहा, सच्चाई ये है कि अमेरिका में लगे आरोपों के आधार पर इसी मोदी सरकार के कार्यकाल में सीबीआई ने दो मामलों की जांच की है। हिंदुस्तान की सेबी और अमेरिका की एसईसी के बीच एक द्विपक्षीय समझौता है। अगर एसईसी की जांच में इतने गंभीर आरोप सामने आए हैं, तो यह सेबी की जिम्मेदारी है कि वह भी जांच करे।

## कड़कड़ाती ठंड से परेशान दिल्ली में स्मॉग का भी बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को ठंड, धुंध और बढ़ते प्रदूषण की दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी में वायु गुणवत्ता लगातार बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। वहीं, बुधवार की रात इस मौसम की दूसरी सबसे ठंडी रात के रूप में दर्ज की गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक, यानी 10.4 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। इस सीजन की सबसे ठंडी रात 21 नवंबर को थी, जब तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।



दिल्ली में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार, गुरुवार सुबह 6 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 302 दर्ज किया गया। हालांकि, इसमें मामूली सुधार देखा गया है, क्योंकि बुधवार को एक्यूआई 312 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 6 बजे विभिन्न क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक निम्न प्रकार दर्ज किया गया: आनंद विहार में 357, अशोक विहार में 318, बवाना में 341, बुराड़ी क्रॉसिंग में 320, जहांगीरपुरी में 354, चांदनी चौक में 293, द्वारका सेक्टर 8 में 332, आईजीआई एयरपोर्ट पर 301, आईटीओ में 284, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 267, लोधी रोड पर 261, मुंडका में 364, नरेला में 312, नेहरू नगर में 331, पटपड़गंज में 325, पंजाबी बाग में 311, पूसा में 281, आरके पुरम में 310, रोहिणी में 317, शादिपुर में 351, विवेक विहार में 328 और वज़ीरपुर में 330। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए मध्यम स्तर के कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इसके अलावा, दिल्ली में 28 नवंबर के लिए घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## दहेज प्रताड़ना मामले में रिश्तेदारों पर बिना सबूत केस चलाना न्याय प्रक्रिया का दुरुपयोग

### सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का आदेश पलटा, मामला किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना मामलों में दूर के रिश्तेदारों को अनावश्यक रूप से शामिल किए जाने पर सख्त रुख अपनाते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपों का गहराई से परीक्षण किया जाना चाहिए ताकि यह तय हो सके कि किसी को बिना वजह आरोपी न बनाया जाए। यह टिप्पणी जस्टिस सीटी रविकुमार की अध्यक्षता वाली बेंच ने एक मामले की सुनवाई करते हुए दी।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक आदेश को पलटते हुए एक महिला के पति के चचेरे भाई और उसकी पत्नी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खारिज कर दिया। महिला के पिता ने दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें पति, सास-ससुर के अलावा दूर के रिश्तेदारों को भी आरोपी बनाया था। कोर्ट ने कहा कि जब शिकायत में मुख्य आरोपी के अलावा अन्य लोगों, विशेषकर दूर के रिश्तेदारों के खिलाफ आरोप लगाए जाते हैं, तो कोर्ट का दायित्व है कि वह यह तय करे कि क्या आरोप साक्ष्यों पर आधारित हैं या सिर्फ दबाव बनाने के लिए लगाए गए हैं।

कोर्ट ने प्रीति गुप्ता, झारखंड (2010) और गीता मेहरोत्रा, यूपी (2012) जैसे मामलों का हवाला देते हुए कहा कि झूठे मामलों में आरोपी को बरी कर दिए जाने के बाद भी उससे हुई बदनामी के घाव मिटाए नहीं जा सकते। कोर्ट ने कहा कि बिना किसी ठोस सबूत के मुकदमा चलाना न्याय प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'रिश्तेदार' शब्द को कानून में स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन इसे सामान्यतः पति, पत्नी, माता-पिता, भाई-बहन या अन्य निकट संबंधियों तक सीमित माना जाना चाहिए। ऐसे व्यक्ति, जो ब्लड रिलेशन, विवाह, या गोद लेने के जरिए परिवार से जुड़े नहीं हैं, उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोर्ट द्वारा विशेष सतर्कता से परीक्षण किया जाना चाहिए।

इस मामले में महिला जालंधर में रहती थी जबकि पति के चचेरे भाई और उनकी पत्नी मोहाली में। अदालत ने पाया कि दूर के रिश्तेदारों के खिलाफ लगाए गए आरोप सामान्य और आधारहीन थे। यह आरोप सिर्फ मुख्य आरोपी पर दबाव बनाने के उद्देश्य से लगाए गए प्रतीत होते हैं। एफआईआर दिसंबर 2020 में तब दर्ज की गई थी, जब महिला के पति ने तलाक की कार्यवाही शुरू की थी। शिकायत में पति, सास-ससुर के साथ चचेरे भाई और उनकी पत्नी को भी आरोपी बनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग बताते हुए केस खारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला दहेज प्रताड़ना के झूठे मामलों को रोकने में एक नजीर के रूप में काम करेगा। कोर्ट ने यह साफ कर दिया कि ऐसे मामलों में सिर्फ सबूतों के आधार पर ही कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि न्याय प्रणाली का दुरुपयोग न हो और निर्दोष लोगों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।



# समाधान शिविर में हो रहा है हर शिकायत का तुरंत समाधान

## डीसी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल की समीक्षा




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि समाधान प्रकोष्ठ पर अपलोड की गई शिकायतों का समाधान तत्परता से सुनिश्चित किया जाए। विभागीय स्तर पर यदि कोई मुख्यालय पर समाधान होना है तो वे स्वयं विभागाध्यक्ष से समाधान करते हुए शिकायत निवारण कर परिवादी को राहत पहुंचाएंगे।

डीसी गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में जनता के लिए हरियाणा सरकार की नई पहल समाधान शिविर में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल की समीक्षा की और इस दौरान आये लोगों की समस्याओं को सुनते हुए शिकायत का निदान किया।

डीसी ने कहा कि फरीदाबाद जिला के लोगों की सुविधा के लिए उनकी शिकायतों का निदान प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। शिविर के दौरान ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय व अन्य ऑनलाइन सर्विस के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाई गई। डीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित हो कार्य कर रही है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक को योजना का लाभ मिले इसके लिए जिला प्रशासन पूरी संजीदगी के साथ अपना दायित्व निभा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि उनके विभाग से सम्बंधित आने वाली शिकायतों का समाधान सक्रियता से किया जाए। किसी भी रूप से शिकायतें लंबित न हो इसके लिए अधिकारी सजगता से कार्य करें। समाधान शिविर के दौरान जहां लोगों की शिकायतों की सुनवाई की गई वहीं अधिकारियों को आने वाली शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी विश्राम कुमार मीणा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# संविधान हमे अपने अधिकारों के प्रति करता है जागरूक : मोहन तिवारी



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** शहर सेक्टर 12 फरीदाबाद के रहने वाले बाल युवा नारी जागृति मंच के सचिव, विभिन्न सामाजिक संगठनो के पदाधिकारी समाजसेवी डॉ.मोहन तिवारी को संविधान दिवस पर पूर्व उप जिलाधिकारी चोखे लाल ने संविधान की पुस्तकें भेंट कर उन्हे सम्मानित किया है। समाजसेवी डॉ.मोहन तिवारी ने संविधान दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित सविधान दिवस कार्यक्रम में बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत किए। दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में प्रमुख रूप से विभिन्न सामाजिक संगठनों में समता फाउंडेशन, बाल युवा नारी जागृति मंच,अखंड भारत उत्थान महासंघ, सम्पूर्ण अंबेडकर समिति, प्रकृति भक्त फाउंडेशन, कुशवाहा मानवता विकास संघ, लखी शाह बंजारा समाज आदि के सौजन्य से हुए संविधान सम्मान यात्रा एवं संविधान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संविधान दिवस के मौके पर समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी ने अपने संबोधन में कहा की संविधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना होता है। उन्होंने कहा की संविधान मेरी शान है देशभक्ति मेरी पहचान है, हर घर संविधान घर-घर संविधान होना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा की 75वें संविधान दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम मे आए लोगों को एक हज़ार संविधान की पुस्तकें वितरित कर संविधान की बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

समाजसेवी डॉ मोहन तिवारी ने कहा की संविधान दिवस पर संविधान की पुस्तकें वितरित करना ऐसी अनूठी पहल हम सभी समाजसेवी ने मिलकर की है, ताकि समाज के लोगो को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके। समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी आए दिन समाज में उत्कृष्ट कार्यों को लेकर सम्मानित किए जाते रहे है। अभी हाल ही में डॉ.मोहन तिवारी को हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री, विधायक व इनकम टैक्स कमिश्नर रैंक के अधिकारी तथा भारती विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी दिल्ली के डायरेक्टर, महान कलमकार,कवि, दिल्ली पुलिस के पदाधिकारियो, दिल्ली सरकार के प्रतिनिधि आदि के मौजूदगी में उन्हें सम्मानित किया गया है। समाजसेवी डॉ.मोहन तिवारी को समाज में उत्कृष्ट कार्यो को लेकर आए दिन सम्मानित किया जाता रहता है।

## साइबर सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम

# साईबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर फ्रॉड बारे जागरूकता कार्यक्रम



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी फरीदाबाद के सौजन्य से गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर फ्रॉड सहित विभिन्न विषयों पर विद्यालय के छात्र छात्राओं को जागरूक किया। विद्यालय की जे आर सी एवम एस जे ए बी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि आज डलसा एवम उन की टीम के सदस्यों मयंक और तरनजीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपनी निजी इनफॉर्मेशन, अपनी पिक्स तथा कोई भी सूचना किसी को भी न दें न ही किसी अपरिचित की बातों में आएं। इसी प्रकार अपरिचित व्यक्ति, लिंक अथवा साइट से कुछ भी डाउनलोड न करें क्योंकि ऐसे लिंक और साइट अधिकतर फ्रॉड होती है और आप के लिंक पर जाते ही आप की सारी इनफॉर्मेशन हैक कर ली जाती है और यहां तक कि आप के अकाउंट से सारी धनराशि भी निकाल ली जाती है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि आप ने समझदारी दर्शाते हुए अपने साथ होने वाली कोई भी अप्रिय घटना को अपने अध्यापकों, अपनी माता और पिता को अवश्य बताना है। आप के अध्यापक, माता, पिता आप के सब से अच्छे मित्र और शुभचिंतक हैं इसलिए आप इन से अपनी कोई भी बात न छिपाएं। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों से कहा कि वे सभी अज्ञात नंबर से आई कॉल का कोई प्रत्युत्तर न दें। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने अपने सभी अध्यापकों दीपांजलि, गीता, ममता, सुशीला सहित तथा अन्य सदस्यों का अभिनंदन करते हुए हार्दिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेषत: सभी छात्रों, छात्राओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा साइबर अपराधों से सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

## नशा मुक्त हो मानव, यही स्वस्थ जीवन की पहचान

# अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को किया नशे से दूर रहने के लिए जागरूक



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के अलग अलग शहरों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। आज वे करनाल ज़िले के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय घरौंड़ा में पहुंचे और प्राचार्य इंद्र जीत कालिया की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 217 वां और 218 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य है, शिक्षा है अच्छा व्यवहार है और अच्छा चरित्र है। चरित्र निर्माण पर बल देते हुए डॉ. वर्मा ने नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशे के आगमन, निर्माण, सेवन और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से व्याख्या करते हुए बताया कि नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में लाभकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित नशा मनुष्य के जीवन में विष के समान कष्टदायक है जो मृत्यु का कारण बनता है। अनेक उदाहरण और काव्य के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे जैसी भयानक बुराई से दूर रहने का प्रण करवाया गया। उन्होंने बताया कि नशा छोड़ने के लिए करनाल के सरकारी अस्पताल में निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए कहा। अंत में शपथ ग्रहण करवाई और शिक्षकों के साथ अलग से नशे जैसे गंभीर विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि उनकी इस कार्य के लिए घर और विद्यालय में अधिक जिम्मेदारी है और उन्हें किस प्रकार अपने दायित्व का निर्वहन करना है।

# छात्राओं ने बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ ली




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में राजकीय कन्या सेकेंडरी स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद में लड़कियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया। आज चार बार अलग-अलग स्लॉट में लेक्चर दिया गया, जिसमें लगभग 2300 छात्राओं ने भाग लिया और छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में बाल विवाह के खिलाफ जन चेतना फैलाना था। इस अवसर पर हेमा कौशिक ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है, जो बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त कर सकती है। हमें अपनी बेटियों को शिक्षित करना होगा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया है। इस अवसर पर छात्राओं ने सामूहिक रूप से यह शपथ ली कि वे न तो स्वयं बाल विवाह करेंगी और न ही अपने आस-पास किसी को ऐसा करने देंगी। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे हर मंच पर इसके खिलाफ आवाज उठाएंगी।

# यातायात पुलिस द्वारा भीड-भाड वाले क्षेत्रों का ड्रोन के माध्यम से किया गया निरीक्षण

**पुलिसकर्मियों को दिए गए मेगाफोन, लाल बत्ती पर ज़ेबरा क्रॉसिंग लाईन के संबंध में वाहन चालकों को किया जाएगा जागरुक**



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** बता दे कि आज के युग में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा भी आमजान को सुगम व सरल यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा यातायात नियमों को लागू करवाने के लिए आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर के द्वारा भीड-भाड वाले स्थानों का ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण कराया गया है। यातायात पुलिस द्वारा शहर फरीदाबाद के भीड-भाड वाले क्षेत्र का ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण उपरांत रिपोर्ट के आधार पर भीड-भाड वाले क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाने के लिए योजना तैयार करके कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा जिला फरीदाबाद के सड़कों का भी ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण उपरांत उचित यातायात सुविधाएं यातायात पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। यातायात पुलिस द्वारा पुलिस उपायुक्त यातायात के मार्गदर्शन में वाहन चालको को जागरुक करने की पहल शुरु की गई है। जिसके अंतर्गत रेड लाइट पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को मेगाफोन उपलब्ध कराए गए है। पुलिसकर्मियों द्वारा मेगाफोन के माध्यम से वाहन चालकों को ज़ेबरा क्रॉसिंग लाइन की पालना बारे जागरुक किया जा रहा है। शुरुआती तौर पर वाहन चालको को जागरुक किया जाएगा। यदि जागरुकता उपरांत भी वाहन चालको द्वारा ज़ेबरा क्रॉसिंग की पालना सुनिश्चित नही की जाएगी तो ऐसे वाहन चालको के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए नियमानुसार चालान किए जाएगे।

# बेरोजगारी भत्ते हेतु करें ऑनलाइन आवेदन : डीसी



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि रोजगार निदेशालय हरियाणा की सक्षम युवा योजना-2016 के अन्तगर्त बेरोजगार युवाओं को मानदेय का कार्य उपलब्ध करवाया जाता है। मानदेय के रूप में 6000 रुपए अधिकतम प्रतिमाह (60 रुपए प्रति घंटा अधिकतम 100 घंटे) तथा बेरोजगारी भत्ते के रूप में स्नातकोत्तर 3000 रुपए, स्नातक-1500 रुपए, 12वीं पास-900 रुपए है। सक्षम युवा योजना-2016 के पंजीकरण हेतु www.hreyahs.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण करवायें।

**आवेदन करने की शर्तें निम्न प्रकार से हैं:**

डीसी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत स्नातकोत्तर/ स्नातक तथा 12वीं पास प्रार्थियों को अपना नाम रजिस्टर करवाना होता है जिसकी शर्तें निम्न प्रकार से है:-आवेदक हरियाणा का निवासी होना चाहिए, आवेदक किसी भी सरकारी/गैर सरकारी नौकरी में न हो, आवेदक किसी भी तरह के रोजगार जैसे-सार्वजनिक/निजी क्षेत्र/अर्ध सरकारी और स्व-रोजगार में शामिल नहीं होना चाहिए, आवेदक की पारिवारिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए, आवेदक की आयु 18 से 35 अथवा 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, आवेदक रेगुलर पढ़ाई न करता हो, आवेदक सरकारी नौकरी से बरखास्त नहीं होना चाहिए। आवेदक हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली पंजाबी व पटियाला विश्वविद्यालय व एचबीएसई, सीबीएसई व आईसीएसई से मान्यता प्राप्त संस्थानों से पढ़ा लिखा हो जो हरियाणा, चंडीगढ़ व दिल्ली में स्थित हो। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि उपरोक्त से सम्बंधित किसी भी जानकारी हेतु सेक्टर-12 में मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 508-509 स्थित मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद में जाकर या दूरभाष नंबर 0129-2299958 पर संपर्क कर सकते हैं।

# शिव नाम की माला सब समस्याओं को मिटाती है द्वादश ज्योति लिंग सकल मनोकामना तीर्थ हैं : ठाकुरदास दिनकर




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** एसआरएस रॉयल हिल्स सैक्टर 87 के शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित शिव महापुराण कथा में व्यास डॉ० दिनकर जी ने आज भगवान शिव शंकरजी के किरातेश्वर अवतार नंदी अवतार अश्वत्थामा अवतार अर्जुन द्वारा शिव तपस्या तथा बारह ज्योतिर्लिंग के उद्गम की कथाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भोलेनाथ की उपासना अनन्त फलदेती है। श्री शिव नाम की माला सब समस्याओं को मिटाती है व्यथा तो सुनो शिव कथा। आदि जीवनोपयोगी स्लोगन देकर व्यासजी ने बारह ज्योतिर्लिंग का माहात्म्य बताया। विस्तृत कथा के माध्यम से ज्योतिर्लिंगों की तीर्थ यात्रा को सकल मनोकामना पूर्ण करने वाली बताया। मंदिर समिति के प्रधान होशियार सिंह महासचिव नवाब सिंह भाटी ने बताया कि आज की कथा में गौड़ीय सम्प्रदाय के प्रसिद्ध सन्त बाबा श्री सुदामा दास जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों के द्वारा शिव भक्ति की महिमा पर प्रकाश डाला। साथ ही कथा के मुख्य यजमान श्री सुरेश चन्द्र मित्तल की हस्त लिखित पुस्तक ( रामायण की रोचक कथाएँ ) का भी लोकार्पण किया गया। श्री मित्तल ने भक्ति पथ का अनुसरण करते हुए अपना गुरुजी प्रदत्त नाम - बाबा रामदास फक्कड़ झाडसैंतली वाले घोषित कराया। इस अवसर पर बल्लबगढ़, फरीदाबाद ,पलवल ,मोहना दिल्ली आदि के भी अनेक शिव भक्त पधारे। रामायण मण्डल की सदस्य महिलाओं द्वारा आयोजित इस कथा में चित्रकूट निवासी संगीताचार्य राधेश्याम, श्री उमेश आदि गायकों ने भगवान भोलेनाथ के भजनों से कथा स्थल को काशी बना दिया। यह कथा 29 नवम्बर तक चलेगी तथा 30 नवम्बर को पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण होगा अंचला, सुशीला, यमुना, पूनम, मधु पन्त, पार्वती, एप्पी, सोनम खत्री, हंसा जोसी, मीना गुप्ता, सन्तोष, बबीता, आदि भक्ति मती महिलाओं द्वारा इस शिव पुराण यज्ञ में समर्पित भाव से अपनी सेवा दे रही है।

## संपादकीय

# एक हैं तो सेफ हैं सिर्फ चुनावी नारा नहीं!




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार का राउंड टू चल रहा है जिसे दुनिया के बड़े-बड़े देश बड़े चाव से देख रहे हैं। हिंदुओं को जिस तरह मारा काटा जा रहा है उस पर संयुक्त राष्ट्र भी चुप है, संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार आयोग और दुनिया भर में काम करने वाले तमाम मानवाधिकार संगठन चुप हैं क्योंकि जिनको मारा जा रहा है, जिनको काटा जा रहा है, जिनके घर जलाये जा रहे हैं, जिनके यहां लूट की जा रही है, जिनकी बेटियों के साथ अत्याचार किये जा रहे हैं, वह सब हिंदू हैं। गाजा में एक भी मस्जिद पर हमला होता है तो पूरी दुनिया में मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक बड़ा बवाल खड़ा कर देने वाले बांग्लादेश में मंदिरों को आग के हवाले होते देख कर, देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित होता देख कर बड़े खुश हो रहे हैं और किसी की जुबान से उफ तक नहीं निकल रही।

देखा जाये तो बांग्लादेश में शेख हसीना को पद से हटाने के बाद कट्टरपंथियों ने शासन करने के लिए जिन मोहम्मद यूनुस को चुना वह तो सबसे बड़े कट्टरपंथी निकले। मोहम्मद यूनुस की आंखों के सामने हिंदुओं का खून बह रहा है और वह कह रहे हैं कि यह हमारा आंतरिक मामला है। दुनिया के किसी भी हिस्से में जब किसी हमले में मुस्लिमों की मौत होती है तो पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और संयुक्त राष्ट्र भी आपात बैठकें बुला कर निंदा प्रस्ताव पास करने लगता है और शांति की अपील करने लगता है लेकिन ढाका और बांग्लादेश के अन्य इलाकों में हिंदुओं का खून बह रहा है तो इसे एक देश का आंतरिक मामला बताया जा रहा है। मोहम्मद यूनुस जिस तरह इतने खूनखराबे पर भी खामोश हैं और मुस्कुरा के सब कुछ देख रहे हैं उसके चलते उनका नोबेल शांति पुरस्कार छीना जाना चाहिए। शांति का नोबेल पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति के पास हर्गिज नहीं रहना चाहिए जो नरसंहार को बढ़ावा दे रहा हो या उसे रोक पाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा हो। बांग्लादेश के हालात को देखते हुए तो ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस को लाया ही इसलिए गया था ताकि वह कट्टरपंथियों को मनमानी करने की आजादी दे सकें और इस्लामिक देश से उसी तरह हिंदुओं का सफाया किया जा सके जिस तरह पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने अपने यहां से कर दिया। इसमें कोई दो राय नहीं कि आरक्षण के नाम पर बांग्लादेश में शुरू हुआ आंदोलन अब हिंदू विरोधी आंदोलन का रूप ले चुका है। बहरहाल, बांग्लादेश से जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं उससे भारत के हिंदुओं को भी बटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं का अर्थ समझ आ जाना चाहिए। बांग्लादेश की स्थिति बता रही है कि अगर हिंदू कटेंगे तो दुनिया में कहीं कोई आवाज नहीं उठेगी और कोई बचाने नहीं आयेगा इसलिए एक हैं तो सेफ हैं यह कोई चुनावी नारा नहीं बल्कि दीर्घायु रहने का मंत्र है।

## सड़क निर्माण के बीच आए खंबे को हटवाने की मांग

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना में रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ-साथ बनाए जा रहे सड़क मार्ग के बीच बिजली के खंबे आने से बढ़ रही परेशानी को लेकर नगर वासियों ने एसडीएम अमित कुमार को ज्ञापन सोपा है ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सड़क के बीचो बीच आए बिजली के खंबे को हटाने की मांग की है। तुलसीराम, राजेश, वेदप्रकाश, रणधीर, राकेश कुमार, दीपक यादव ने कहा कि सड़क का निर्माण बिजली के पोल एवं पेड हटाकर ही करवाया जाए सडक के बीच में खड़े खंबे व पेड़ दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं।

## बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर नागरिकों ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना की बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर नागरिकों ने प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपा है। बार एसोसिएशन कनीना के पूर्व प्रधान दीपक चैधरी, मा बिजेंद्र सिंह, रतन सिंह सहित अन्य नागरिकों ने आरती राव का अभिनंदन कर दिए ज्ञापन में बस स्टैंड भवन बनाने, गंदे पानी से लबालब भरे जोहड की सफाई करवाने, बिजली के लटकते तारों को दुरूस्त करने, उपमंडल स्तरीय न्यायालय भवन तथा अविक्ताओं के चैंबर का निर्माण कार्य शुरू करवाने तथा कनीना में बाईपास बनवाने की मां की गई है। उन्होंने कहा कि कनीना के कंडम बस स्टैंड भवन को करीब सालभर पूर्व तोड दिया गया था जिसके स्थान पर अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके चलते यात्री सर्दी-गर्मी तथा आंधी-बरसात में खुले आसमान के नीचे खडे होकर बसों का इंतजार करते हैं। ज्ञापन पत्र पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जिला उपायुक्त डॉ विवेक भारती को उपरोक्त समस्याओं के शीघ्रता से समाधान करने को कहा। उन्होंने कनीना में बस स्टैंड भवन बनने तक जल्द ही अस्थाई टीनशैड की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। टीनशैड होने के बाद यात्रियों को कुछ हद तक राहत मिलेगी।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# नूंह के पल्ला गांव के हज़रत सैयद शेख मूसा चिश्ती अलैहिर्रहमा पर 713वां सालाना उर्स मुबारक 30 नवंबर को मनाया जाएगा



**तबलीगी पक्ष के लोगों ने सालाना उर्स मुबारक पर जताया ऐतराज नहीं होने देंगे सालाना उर्स मुबारक।**

**सालाना उर्स मुबारक की जिला प्रशासन से मिल चुकी है परमिशन।**

**वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार आसिफ अली चंदेनी बताया कि 1947 के समय यहां पर सालाना उर्स मुबारक मनाया जाता था।**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** पल्ला गांव में सालाना उर्स मुबारक पर इस बार तबलीगी पक्ष के लोगों के द्वारा एतराज जताया जा रहा है। हर साल हजरत सय्यद शेख मूसा चिश्ती अलैहिर्रहमा की दरगाह पर सालाना उर्स मुबारक मनाया जाता है। लेकिन इस बार तबलीगी पक्ष के लोगों ने यहां पर कार्यक्रम नहीं करने को लेकर चेतावनी दे डाली है।

तबलीगी पक्ष से संबंध रखने वाले जुबेर खान पूर्व सरपंच गाँव पल्ला, अब्दुल वहीद, हाजी अली मोहम्मद ने सालाना उर्स मुबारक के कार्यक्रम पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि अब से पहले कभी भी यहां पर कोई सालाना उर्स मुबारक कार्यक्रम नहीं किया गया पिछले साल अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जमाल सिद्दीकी यहां पर आए थे तब जिला प्रशासन की देखरेख में सालाना उर्स मुबारक कार्यक्रम किया था जिस पर भी एतराज जताया गया इस बार फिर से यहां पर 713 वा उर्स मुबारक हजरत शेख मूसा की दरगाह पर कराया जा रहा है जिसका हम विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस्लामी एतबार के हिसाब से यहां पर लोग आकर दुआ करेंगे तो उसका कोई एतराज नहीं होगा यदि यहां पर फूल माला की चादर चढ़कर तथा ढोल बाजे बजाने का काम किया गया तो उसका फुल जोर विरोध होगा।

वही मौलाना मोहम्मद रफी कादरी जामिया हजरत एजुकेशनल एंड वेरीफिकेशन के संचालक, मौलाना मोहम्मद अतीक समरी ,मोलाना मो आरिफ अशफाकी,कारी अली मोहम्मद ,हाजी काले खां , मौलाना सूफी अली शेर निजामी ने बताया कि पल्ला गांव में सालाना उर्स मुबारक 30 नवंबर को मनाया जा रहा है इसकी तमाम देशवासियों के लिए तमाम राज्यवासियों के लिए और तमाम इलाका वालों के लिए मुबारकबाद।

उन्होंने कहा कि इस मौके पर मुख्य अतिथि जमाल सिद्दीकी साहब अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष है और सूफी संवाद के अध्यक्ष कमल बाबा साहब, ख्वाजा फरीद अहमद साहब निजामी शाहिद बुखारी निजामुद्दीन और प्रोफेसर मोहम्मद हुसैन साहब कादरी सहित अन्य यूपी ,हरियाणा ,राजस्थान के साथ पूरे इलाके से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे।

सालाना उर्स मुबारक को मानने वाले कमेटी के लोगों का कहना है कि तबलीगी पक्ष के लोगों के द्वारा इस बार उर्स मुबारक को लेकर कड़े तेवर देखने को मिल रहे हैं प्रशासन की तरफ से हमें परमिशन मिल गई है हमें उम्मीद है कि इस बार सालाना उर्स मुबारक बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। लिहाजा तमाम हजरात से गुजारिश है के ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंच कर सवाब-ए- दारेन हासिल करें और 713 वें उर्स पाक को कामयाब बनायें ।

वही इस बारे में जब वरिष्ठ समाजसेवी आसिफ अली से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह कोई एक फेसटिवल नहीं है जैसे हजरत निजामुद्दीन औलिया की अलग तारीख है, हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की अलग तारीख है, हजरत साबिर रहमतुल्ला की अलग तारीख है,हज़रत सैयद शेख मूसा चिश्ती की अलग तारीख है। यह कोई ऐसा नहीं है पूरे हिंदुस्तान में या दुनिया में इन सब की एक ही तारीख है। इसका मतलब है उसका हर जो आलिया हिंदुस्तान में है उनका अलग-अलग उनके जन्म पर या उनके उर्स पर मनाई जाती है । हज़रत सैयद शेख मूसा चिश्ती के सालाना उर्स मुबारक पर किसी को कोई एतराज नहीं होना चाहिए। मुसलमान में डॉक्टर अल्लामा इकबाल ने कहा है हराम पार्क में कुरान में एक अल्लाह भी एक नबी भी एक कुछ बड़ी बात होती जो होते मुसलमान भी एक। मुसलमान 72 फिरको में बटा हुआ है। मैं मानता हूं कि विरोध की इसमें कोई जरूरत नहीं है। 1947 से पहले हर साल यहां उर्स हुआ करती थी और पल्ला गांव की जो बड़ी आबादी थी वह कुरेशी खानदान और शेख खानदान की होती थी। ज्यादातर कुरेशी खानदान पाकिस्तान चले गए अब कुछ घर बचे हैं। अब इसका रखरखाव हरियाणा वक्फ बोर्ड के द्वारा किया जा रहा है। इसकी मरम्मत के लिए 30 लाख रुपए की राशि दी गई थी अभी भी 15 से 17 एकड़ भूमि बाकी है तथा कुछ भूमि पर हरियाणा वक्फ बोर्ड के द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज बनाया गया है।

# ग्रामीणों संग विधायक आफताब अहमद ने की जिला उपायुक्त से बैठक

### रास्ते, मुआवजे, जल भराव आदि के मुद्दे उठाए




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** बृहस्पतिवार को नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार से बैठक कर जिले के कई मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। विधायक के साथ दर्जनों स्थानीय लोग भी मौजूद थे। बैठक में विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार आईएएस के समक्ष जोगीपुर का नंगला आजादपुर के सैंकडों लोगों के घरों को जा रहे रास्ते को खुलवाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि स्थानीय ग्रामीणों को रास्ता बंद करने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विधायक और जिला उपायुक्त को बताया कि रास्ता कंक्रीट का बना हुआ है जो पहले चालू था अब बंद करा दिया गया है जिसके कारण सैंकडों लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। विधायक ने जिला उपायुक्त को जल्द समाधान के लिए कहा है।

वहीं इसके अलावा विधायक आफताब अहमद ने किसानों की फ़सल खराबे के लंबित मुआवजे को बांटने के लिए कहा है। बता दें कि अत्यधिक वर्षा के कारण फ़सल खराब नूंह जिले में हुई जिसका मुद्दा विधायक आफताब अहमद विधानसभा में उठाकर, किसानों के लिए मुआवजे का प्रावधान हुआ था। कुछ मुआवजा तो बंट गया कुछ काफी समय से लंबित पड़ा है, विधायक ने इसे तत्काल बंटवाने की मांग जिला उपायुक्त के समक्ष रखी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधायक आफताब अहमद ने कहा कि स्थानीय लोगों और किसानों के मुद्दे को लेकर उनकी बैठक हुई है। कई अन्य मुद्दे भी इस दौरान उठाए गए हैं। जिनमें जिले में जल भराव के स्थाई समाधान करने, विशेष गिरदावरी आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। जिला उपायुक्त ने विधायक को आश्वस्त किया कि प्राथमिकता पर समाधान करवाया जाएगा।

# समाधान शिविर में आई 4 शिकायतें हुई प्राप्त : नगराधीश अशोक कुमार



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार उपायुक्त प्रशांत पंवार के मार्गदर्शन में सुबह 09 से 11 बजे तक नूंह, तावडू, पुन्हाना व फिरोजपुर-झिरका लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों का आमजन को लाभ उठाना चाहिए।

नगराधीश अशोक कुमार ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की शिकातयें सुनने के दौरान कही। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित 4 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेज दिया गया है तथा उनका जल्द से जल्द समाधान करने के भी निर्देश दिए है।

नगराधीश अशोक कुमार ने बताया कि समाधान शिविरों में मौके पर ही आमजन की शिकायतों का समाधान करवाने के लिए सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। अधिकतर शिकायतों का तुरंत प्रभाव से समाधान करवा दिया जाता है, जो शिकायतें लंबित रहती है उनके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने जिले के लोगों से आह्वान किया वे इन शिविरों का लाभ उठाएं।

## सिवानी पुलिस ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** थाना सिवानी पुलिस ने घर में घुसकर सामान जैसे- इन्वर्टर-बैट्री, रुपए व आभूषण आदि चोरी करने के मामले में बुधवार को थाना सिवानी के सहायक उप निरीक्षक रमेश कुमार ने आरोपी को हसान गांव से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय ने आरोपी को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं, वही अभियोग द्वारा दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## सडकों पर घूमने वाले बेसहारा गोवंश को जल्द ही भेजा जाएगा गोशालाओं में



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** जिलेभर में सडकों पर घूम रहे करीब साढे तीन हजार बेसहारा गोवंश को शीघ्र ही गोशालाओं में भेजा जाएगा। उसकें बाद रबि फसल में नुकसान होने से बचेगा वहीं सडक पर घूमने वाले पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। कनीना के एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार तथा हरियाणा गो-सेवा आयोग गौवंश के संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्थानीय निकाय के अधिकारी तथा गौशाला संचालक मिलकर बेसहारा गोवंश को गौशालाओं में भेजे। उन्होंने बताया कि जिले में 22 गौशालाएं पंजीकृत हैं जिनमें 18595 पशु रखे हुए हैं। इसके अलावा लगभग 8 गौशालाएं अपंजीकृत हैं। सभी गौशालाएं बेसहारा पशुओं को आश्रय देगीं तो पूरा जिला बेसहारा पशु मुक्त हो जाएगा। उन्होंने गौशाला संचालकों से बेसहारा पशुओं को आश्रय देने के लिए सरकार से प्रति पशु मिलने वाली एकमुश्त 7 हजार रुपए की सहायता राशि के लिए पोर्टल पर ऑनलाईन अप्लाई करें। इस राशि से गौशालाओं में ढांचागत सुविधा तैयार कर सकते हैं। हरियाणा गो सेवा आयोग की ओर इस एकमुश्त राशि के अलावा प्रति पशु के लिए प्रतिदिन चारा के लिए वर्ष से कम आयु के पशु के लिए 20 रुपए, एक वर्ष से अधिक आयु के पशु के लिए 30 रुपए तथा नंदी के लिए 40 रुपए प्रतिदिन दिए जाते हैं। उन्होंने पशु क्रूरता न करने तथा प्शुओं से मित्रवत व्यवहार करने का आव्हान किया।

## 250 गावों में ओपन जिम तथा एक हजार गावों में खोली जाएगी लाईब्रेरी : आरती सिंह राव



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** प्रदेश सरकार आमजन के स्वास्थ को लेकर चिंतित है। अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति की ओर ध्यान दिया जा रहा है वहीं मैडीसन एवं जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा युवाओं के स्वास्थ को फिट रखने के लिए पहले चरण में प्रदेश के 250 गावों में ओपन जिम खोले जाएगें। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील है। आमजन जिम में जाकर सवास्थ्य को मजबूत बना सकेगें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा का स्तर लगातार बढ रहा है। एक हजार गावों में सुविधाजनक लाईब्रेरी स्थापित की जाएगीं। जिनमें पढकर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकेगें।

## फूड सेफ्टी अधिकारियों के टीम ने कनीना में छापेमारी कर खाद्य वस्तुओं के नमूने एकत्रित किए



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों डॉ राजेश वर्मा व अरुण कुमार की टीम ने बृहस्पतिवार को कनीना में परचून की दुकानों पर छापेमारी करते हुए विभिन्न खाद्य वस्तुओं के नमूने एकत्रित किए टीम ने दोपहर करीब एक बजे दो दुकानों में दबिश देकर चने की दाल, गुड, हल्दी के अलावा अन्य खाने की वस्तुओं के नमूने लेकर जांच के लिए लैब में भेजे जाने की बात कही है जिनकी जांच रिपोर्ट सप्ताह भर बाद आएगी टीम की यह कार्रवाई देखकर अन्य दुकानदार दुकानों के धड़ाधड़ शटर डाउन कर मौके से खिसक लिए जिसे लेकर आमजन में नकली व मिलावटी सामान ऊँचे रेट पर बेचे जाने की चर्चाएं जोर पकड़ने लगी हैं प्रबुद्ध जनों एडवोकेट मनोज शर्मा, वीरेंद्र सिंह ने खाद्य तेल के अलावा पनीर,खोवा सहित दूध से बनी मिठाइयों पर भी सवाल खड़े किए हैं जिनके सेवन से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है उन्होंने विभाग के अधिकारियों पर भी खानापूर्ति करने के आरोप लगाए हैं उन्होंने कहा कि बिना विभाग के अधिकारियों की शह के दुकानदार मिलावटी व नकली समान नहीं बेच सकते।

## रसूलपुर में महिला की संधिग्ध परिस्थितियों में मौत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** उपमंडल के गांव रसूलपुर में एक महिला की डिलीवरी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मृतका के भाई यशपाल ने पुलिस में शिकायत देकर ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने और षड्यंत्र के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने यशपाल की शिकायत पर ससुराल पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छलबिन शुरू कर दी है। यशपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव सुरजनवास का निवासी है। उसके पिता सीआरपीएफ में नौकरी करते हैं। उन्होंने अपनी बहन किरण की शादी फरवरी 2023 में रसूलपुर निवासी रविंद्र के साथ की थी शादी में उन्होंने लाखों रुपए नकद तथा मोटरसाइकिल के अलावा अन्य सामान दिया था जिससे ससुरालजन खुश नहीं थे। वे दहेज की मांग को लेकर किरण के साथ मारपीट करने लगे उन्हें समझाया भी गया लेकिन उनकी आदत में कोई सुधार नहीं हुआ। शादी के महीनेभर बाद उन्होंने किरण के नाम ढाई लाख रुपए करवाए जिसमें नॉमिनी के रूप में रविंद्र ने अपना नाम लिखवाया। डिलीवरी के दौरान ससुरालजनों ने सही इलाज नहीं करवाया। जिससे उसकी कोख से बच्चे ने समय से पहले जन्म दे दिया जो कुछ दिन बाद ही अलविदा हो गया यशपाल ने बताया कि उसका बहनोई रविंदर का अक्टूबर 2024 में हरियाणा पुलिस में चयन हो गया तो उन्होंने छुछक में स्विफ्ट गाड़ी की डिमांड कर डाली बीती 13 नवंबर को उन्होंने दूसरे बच्चे को जन्म दिया चिकित्सकों की राय में यह सामान्य डिलीवरी नहीं थी अस्पताल में न ले जाने के कारण उसकी हालत गंभीर हो गई इसकी सूचना मिलने पर किरण की मां ने उसे रेवाड़ी के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया ससुराल जनों की शह के चलते उसकी मौत हो गई किरण मौत के लिए उन्होंने पति रविंदर, सास सरोज,ससुर रमेश, चाचा सुरेंद्र, चाची लीली, महेंद्र, रजनीश व नेहा को जिम्मेवार ठहराया है। कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर महिला का पंचनामा करवा शव परिजनों को सौंप दिया है परिजनों ने बृहस्पतिवार को महिला का अंतिम संस्कार कर दिया केस की गहनता से छानबीन की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कमला हैरिस ने कहा– लोकतंत्र और कानून के शासन के लिए लड़ती रहूंगी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव हारने के कुछ दिनों बाद उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा है कि वह लोकतंत्र, कानून के शासन, समान न्याय और स्वतंत्रता के लिए लड़ना जारी रखेंगी। मंगलवार को कमला हैरिस एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में कमला हैरिस ने राष्ट्रपति चुनाव में उनका समर्थन करने वाले लोगों और धन उगाहने वाले लोगों को संबोधित किया। जिसमें कमला हैरिस ने कहा कि ऐसा भविष्य सुनिश्चित करने के लिए, जहां हर कोई अपने सपनों को पूरा कर सके, हमें लंबी लड़ाई लड़नी है और यह लड़ाई 5 नवंबर को खत्म नहीं हुई है। राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को हुआ था। जिसमें ट्रंप ने कमला हैरिस को हरा दिया। अब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति का पद संभालेंगे और कमला हैरिस के बाद जेडी वेंस अगले उपराष्ट्रपति होंगे। कार्यक्रम के दौरान कमला हैरिस ने कहा कि हमारी लड़ाई जारी रहेगी। हमें एक ऐसे भविष्य का निर्माण करना है, जहां हर कोई अपने सपनों और अपनी महत्वाकांक्षाओं और अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सके। हम महिलाओं के अपने शरीर के बारे में फैसला लेने के अधिकार के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, हम अपने लोकतंत्र, कानून के शासन और समान न्याय के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा, यह एक अनिश्चित समय है। हम अनिश्चितता और हर उस चीज से घिरे हुए हैं, जो हमें चिंता में डालती है। हम शक्तिहीन नहीं हैं और हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। हमें दृढ़ निश्चयी बने रहना चाहिए। स्वतंत्रता और सम्मान के अवसर के लिए लड़ाई 5 नवंबर को समाप्त नहीं हुई।



### बैंक ऑफ चाइना के पूर्व प्रमुख लियू को भ्रष्टाचार में मिली मौत की सजा


**बीजिंग, एजेंसी।** बैंक ऑफ चाइना के पूर्व चेयरमैन लियू लियांगे को मंगलवार को अदालत ने भ्रष्टाचार और अवैध ऋण जारी करने का दोषी मानते हुए मौत की सजा सुनाई गई। उन्हें प्राणदंड दो साल बाद दिया जाएगा। चीन के पूर्वी शेडोंग प्रांत के जिनान शहर की एक अदालत ने यह फैसला सुनाया। उन्हें 121 मिलियन युआन (141.61 करोड़ रुपये) से अधिक की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

### इस्राइली ऊद महोत्सव में राकेश और कालीनाथ ने जलवा बिखेरा

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल में भारतीय संगीत के प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय संगीतज्ञ और ग्रैमी पुरस्कार विजेता बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने यहां 25वें अंतरराष्ट्रीय ऊद महोत्सव में अपनी स्वर लहरियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चौरसिया और तबला वादक पंडित कालीनाथ मिश्रा की जुगलबंदी ने संगीत प्रेमियों को बांधकर रखा। यह चौरसिया की इस्राइल में चौथी प्रस्तुति थी। उनके चाचा पंडित हरिप्रसाद चौरिसया विश्व विख्यात बांसुरी वादक रहे हैं। राकेश चौरसिया ने कहा, मुझे यहां बार–बार आना पसंद है क्योंकि यहां श्रोता हमेशा गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। इस बार भी अच्छा अनुभव रहा।

### रूस ने 30 ब्रिटिश नागरिकों के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

**मॉस्को, एजेंसी।** रूसी विदेश मंत्रालय ने ब्रिटिश पक्ष की शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के जवाब में 30 ब्रिटिश नागरिकों के रूसी क्षेत्र में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया कि प्रतिबंध सूची में ब्रिटेन के राजनीतिक प्रतिष्ठान, सैन्य गुटों, उच्च तकनीक कंपनियों के साथ–साथ समाचार आउटलेट के सदस्य भी शामिल हैं। ब्रिटिश उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर, राजकोष की चांसलर रेचल रीव्स, गृह सचिव यवेट कूपर और कई अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी इस सूची में शीर्ष पर हैं। मंत्रालय के अनुसार, ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा शत्रुतापूर्ण व्यवहार के जवाब में रूस प्रतिबंध सूची का और विस्तार करने के लिए तैयार है। इससे पहले मंगलवार को रूसी विदेश मंत्रालय ने जासूसी के आरोप में एक ब्रिटिश राजनयिक को निष्कासित करने के बाद रूस में ब्रिटिश राजदूत को तलब किया और विरोध दर्ज कराया। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) का हवाला देते हुए सरकारी न्यूज एजेंसी तास ने बताया कि विल्क्स एडवर्ड प्रायर नामक ब्रिटिश राजनयिक पर अपने दस्तावेजों में गलत जानकारी देने और जासूसी समेत कई असामान्य गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। एफएसबी ने कहा कि उसे दो दिनों के भीतर रूस छोड़ देना चाहिए। मास्को ने कथित तौर पर आक्रामक रूसी विरोधी बयानबाजी को बढ़ावा देने, अवैध एकतरफा प्रतिबंध लगाने और नव–नाजी कीव शासन का समर्थन करने के लिए लंदन की निंदा की। दूसरी ओर यूके सरकार ने रूस के इस कदम की निंदा की और आरोपों को दुर्भावनापूर्ण और निराधार बताते हुए खारिज किया। इसके अलावा उचित समय पर जवाब देने की कसम खाई। ब्रिटेन ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब रूस ने हमारे कर्मचारियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और निराधार आरोप लगाए हैं। हम उचित समय पर जवाब देंगे।



# इजराइल-हिजबुल्लाह के बीच 60 दिन का सीजफायर मंजूर

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल की वॉर कैबिनेट ने लेबनान में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच 60 दिन के लिए सीजफायर डील को मंजूरी दे दी है। इसे लेकर मंगलवार देर रात कैबिनेट की मीटिंग हुई थी। इसे 10-1 से मंजूरी मिल गई। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही सीजफायर के प्लान को मंजूरी दे चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस सीजफायर को अच्छी खबर बताया है। उन्होंने कहा कि सीजफायर के लिए उन्होंने नेतन्याहू और लेबनान के पीएम नजीब मिकाती से बात की है। दोनों देशों के बीच बुधवार सुबह 4 बजे (भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह 7:30 बजे) जंग रुक जाएगी। बाइडेन ने कहा कि सीजफायर का मतलब जंग को हमेशा के लिए खत्म करना है। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना कब्जे वाले इलाके को लेबनानी सेना को सौंपेगी और वहां से हटेगी, ताकि हिजबुल्लाह वहां कब्जा न जमा ले। 60 दिन के भीतर यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। बाइडेन ने यह भी कहा कि अगर हिजबुल्लाह या कोई और समझौते का उल्लंघन करता है और इजराइल के लिए खतरा पैदा करता है, तो अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक, इजराइल को आत्मरक्षा करने का अधिकार होगा। वहीं, नेतन्याहू ने कहा



कि अगर हिजबुल्लाह समझौते का उल्लंघन करता है तो हम फिर से हमला करेंगे। नेतन्याहू बोले- 3 वजहों से सीजफायर को दी मंजूरी नेतन्याहू ने सीजफायर समझौते की मंजूरी से पहले एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर समझौता करने के पीछे 3 वजहें बताईं। नेतन्याहू ने कहा कि हमास, हिजबुल्लाह पर भरोसा कर रहा था। उन्हें यकीन था कि हिजबुल्लाह के लड़ाके उनके साथ लड़ेंगे, लेकिन अब वे अकेले रह गए हैं। अब उन पर दबाव बढ़ेगा। इससे हमारे बंधकों को छुड़ाने में मदद मिलेगी। हालांकि, नेतन्याहू ने कहा कि अगर हिजबुल्लाह सीमा के पास इजराइल पर हमला करने की कोशिशें करता है, इस इलाके में बुनियादी ढांचा तैयार करता है, सुरंगें खोदता है या इस इलाके में रॉकेट ले जाने वाले ट्रक लाता है तो इसे समझौते का उल्लंघन माना जाएगा।

**सीजफायर को इजराइली नेताओं ने गलत कदम बताया :** इजराइल के नेशनल सिक्योरिटी मिनिस्टर इतमार बेन ग्विर ने नेतन्याहू के सीजफायर के फैसले को गलत कदम बताया। ग्विर ने कहा कि अगर सीजफायर हुआ तो हिजबुल्लाह को जड़ से खत्म करने का मौका गंवा देंगे। ये ऐतिहासिक गलती होगी। ग्विर लंबे समय से हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर का विरोध करते रहे हैं। ग्विर के अलावा इजराइल की वॉर कैबिनेट का हिस्सा रह चुके बेनी गेंट्ज ने नेतन्याहू को सीजफायर से जुड़ी जानकारियां लोगों के सामने रखने के लिए कहा है। बेनी गेंट्ज ने इस साल जून में इजराइली वॉर कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने नेतन्याहू पर गाजा को ठीक तरह से हैंडल नहीं करने का आरोप लगाया था।

**अमेरिका ने कराई सीजफायर डील :** पिछले हफ्ते एक अमेरिकी अधिकारी अमोस होचस्टीन ने लेबनान के प्रधानमंत्री निजाब मिकाती और संसद के स्पीकर निबाह बैरी के साथ मुलाकात की थी। इस दौरान इजराइल और हिजबुल्लाह में सीजफायर कराने को लेकर बातचीत हुई थी। लेबनान में बातचीत करने के बाद होचस्टीन बुधवार को इजराइल पहुंचे थे, जहां सीजफायर को फाइनल करने पर बात हुई। इस प्लान में अगले 60 दिनों के लिए इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच सीजफायर करने का प्रस्ताव रखा गया। इन 60 दिनों में दोनों के बीच स्थाई तौर पर सीजफायर को लागू करने के लिए काम किया जाएगा। इस प्लान को यूएन रेजोल्यूशन 1701 के आधार पर तैयार किया गया है। जुलाई 2006 में हिजबुल्लाह के लड़ाकों ने लेबनान बॉर्डर पार कर इजराइल के 8 सैनिकों को मार दिया था। इसके अलावा 2 सैनिकों को बंधक बनाकर ले गए थे। इसके जरिए हिजबुल्लाह इजराइल के साथ कैदियों की अदला-बदली चाहता था। हालांकि, इजराइल ने अपने सैनिकों की मौत और बंधक बनाने के जवाब में हिजबुल्लाह के खिलाफ हवाई हमले और ग्राउंड ऑपरेशन शुरू कर दिया।

## दक्षिण कोरिया : 14 वर्षों में रिकॉर्ड की गई उच्च जन्म दर



**सोल , एजेंसी।** लगातार घटती आबादी से परेशान दक्षिण कोरिया के लिए सितंबर गुड न्यूज देकर गया। लगभग 14 साल में ऐसा पहली बार हुआ कि इस महीने में बड़ी संख्या में नवजात जन्मे। घटते जन्म दर और तेजी से बढ़ती उम्र के गंभीर जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से निपटने को लेकर दक्षिण कोरिया संघर्ष कर रहा है। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया स्टैस्टिक कोरिया द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार सितंबर में कुल 20,590 बच्चे पैदा हुए, जो एक साल पहले की तुलना में 10.1 प्रतिशत (1,884 नवजात शिशुओं की वृद्धि) अधिक है। बता दें कि यह जनवरी 2011 के बाद से सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि है, जब बच?चों के जन?म में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। एजेंसी के एक अधिकारी इम यंग-इल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया, यह वृद्धि कोविड-19 महामारी के शुरुआती चरणों के दौरान शादियों में देरी होने के बाद 2022 की दूसरी छमाही से 2023 की पहली छमाही तक अधिक शादियां करने के कारण हुई है। एजेंसी ने बताया कि इस साल की तीसरी तिमाही में कुल 61,288 बच्चे पैदा हुए, जो पिछले साल की इसी अवधि से 8 प्रतिशत अधिक है। यह संख्या 2012 की तीसरी तिमाही के बाद से सबसे बड़ी तिमाही वृद्धि को भी दर्शाती है। देश में तीसरी तिमाही में कुल प्रजनन दर 0.76 रही, जो कि एक महिला के जीवनकाल में होने वाले औसत बच्चों की संख्या को दिखाती है। जनवरी-सितंबर अवधि के लिए यह दर 0.74 रही। नौ महीने का यह आंकड़ा 2023 के पूरे वर्ष के लिए दर्ज 0.72 से अधिक है, जो 1970 के बाद का सबसे निम्नतम स्तर है। यंग-इल ने कहा, इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि 2024 में कुल प्रजनन दर 0.72 से ऊपर हो सकती है और अगर मौजूदा रुझान चौथी तिमाही में भी जारी रहता है, तो यह 0.74 के आसपास भी पहुंच सकती है।

## ब्राजील के उच्च पदस्थ अधिकारियों ने बोल्सनारो पर तख्तापलट करने के लिए डाला था दबाव

**साओ पाउलो , एजेंसी।** ब्राजील सेना के उच्च पदस्थ अधिकारियों ने तत्कालीन राष्ट्रपति जेयर बोल्सनारो पर तख्तापलट कर सत्ता में बने रहने का दबाव डाला था। वर्ष 2022 के अंत में कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग के लीक होने के बाद यह खुलासा हुआ है। संघीय पुलिस द्वारा हासिल की गयी 53 ऑडियो रिकॉर्डिंग में सेना के सदस्यों को वामपंथी लुइस इनासियो लूला दा सिल्वा को राष्ट्रपति बनने से रोकने की अपनी इच्छा को अपनी आवाज में व्यक्त करते हुए सुना जा सकता है। 'द एसोसिएटेड' प्रेस को सोमवार को यह ऑडियो रिकॉर्डिंग प्राप्त हुई। पुलिस की व्यापक जांच की निगरानी करने वाले उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने पिछले सप्ताह अपने फैसले में इनमें से कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग का हवाला दिया, जिसमें 2022 में तत्कालीन निर्वाचित राष्ट्रपति लूला की हत्या की साजिश रचने और फिर आठ जनवरी 2023 को उन्हें सत्ता से बेदखल करने का प्रयास के लिए पांच लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। सेना के विशेष बलों के पूर्व उपकमांडर कर्नल रॉबर्टो रेमुंडो क्रिसकुली ने सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जनरल मारियो फर्नांडीस से कहा था कि लूला की लगातार तीसरी बार जीत के बाद धुर दक्षिणपंथी नेता एक स्पष्ट विकल्प के रूप में सामने हैं। फर्नांडीस उस समय राष्ट्रपति पद के महासचिव के बाद दूसरे स्थान पर थे।

# दावा-अमेरिकी सेना से ट्रांसजेडर्स को निकालेंगे ट्रम्प:15 हजार ट्रांसजेंडर्स खो सकते हैं नौकरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प सत्ता संभालने के बाद अमेरिकी सेना में शामिल ट्रांसजेंडर सैनिकों को निकाल सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद ट्रम्प इस आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते है। इसके साथ ही भविष्य में भी ट्रांसजेंडर्स के अमेरिकी सेना में शामिल होने पर रोक लगा दी जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन सैनिकों को मेडिकली अनफिट होने के चलते नौकरी से निकाला जाएगा। फिलहाल अमेरिकी सेना में 15 हजार ट्रांसजेंडर सैनिक हैं, जिन्हें नौकरी से निकाला जा सकता है।

ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान भी ट्रांसजेंडर समुदाय के खिलाफ बयान दिए थे। इसके अलावा ट्रम्प की अगली सरकार में रक्षा मंत्री बनने वाले पिट हेगसेथ ने भी कुछ दिन पहले कहा था कि सेना में महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स को शामिल करने से अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो रही है।

**पिछले कार्यकाल में भी लगाया था प्रतिबंध :** अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रांसजेंडर्स के सेना में शामिल होने पर रोक लगाई थी। हालांकि उस समय जो लोग सेना में पहले से शामिल थे, उन्हें नहीं हटाया गया था। बाद में जो बाइडेन ने राष्ट्रपति बनने के बाद इस प्रतिबंध को हटा दिया था। अमेरिकी सेना में फिलहाल जो 15 हजार ट्रांसजेंडर सैनिक हैं, उनमें से 2200 ने सर्जरी के जरिए अपना जेंडर चेंज कराया है। बाकी सैनिकों ने अपनी पहचान ट्रांसजेंडर के तौर पर दर्ज कराई है।




इस बार ट्रम्प इन सभी 15 हजार ट्रांसजेंडर्स को सेना से निकालने की बात कही है।

**यूनिवर्सिटीज ने विदेशी छात्रों से वापस आने को कहा :** अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज ने अपने यहां पढ़ने वाले दूसरे देशों के छात्रों को डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण से पहले वापस लौटने के लिए कहा है। डोनाल्ड ट्रम्प अगले साल 20 जनवरी को राष्ट्रपति लेंगे। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान अवैध प्रवासियों को देश से निकालने के लिए बड़े स्तर पर कैंपेन चलाने की बात कही थी। बीबीसी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में इस समय 4 लाख ज्यादा ऐसे विदेशी स्टूडेंट रजिस्टर्ड हैं, जिनके पास उनके कागजात नहीं है। ऐसे में उन्हें ट्रम्प की अवैध प्रवासियों के लिए जाने वाले एक्शन्स का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा ट्रम्प एच1-बी वीजा प्रोग्राम से जुड़े नियमों को और सख्त कर सकते हैं। ट्रम्प ने पिछले कार्यकाल में एच1-बी के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को बढ़ाते हुए सख्त कर दिया था। इसके चलते एच1-बी वीजा से जुड़े एप्लिकेशन रिजेक्ट होने की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई थी। 2015 में एच1-बीवीजा कैटेगरी में 6 प्रतिशत एप्लिकेशन ही रिजेक्ट हुए थे, जबकि 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 24 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इसके अलावा ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में टूरिस्ट और शॉर्ट टर्म वीजा की प्रक्रिया भी लंबी हो गई थी।

## जयशंकर बोले- यूक्रेन जंग का हल बातचीत से निकले

### इटैलियन अखबार से कहा- यूरोप को सिद्धांतों की इतनी परवाह तो रूस से रिश्ते खत्म करे

**रोम, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की मीटिंग अटेंड इटली पहुंचे हैं। यहां उन्होंने इटैलियन न्यूज पेपर कोरिएरे डेला सेरा से यूक्रेन वॉर और भारत-चीन समेत कई मुद्दों पर बात की। जयशंकर ने यूक्रेन वॉर डिप्लोमैटिक हल पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यूक्रेन युद्ध का कोई सैन्य समाधान नहीं है। इसके लिए नए सिरे से डायलॉग शुरू किया जाना चाहिए। यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि, हर क्षेत्र को अर्थव्यवस्था की हकीकत के बारे में सोचना चाहिए। अगर यूरोप पर अपने सिद्धांतों की इतनी ही परवाह है तो उसे खुद रूस के साथ अपने सभी व्यापार खत्म कर देने चाहिए। यूरोपियन यूनियन भारत का सबसे बड़ा बिजनेस पार्टनर जयशंकर ने मॉस्को और कीव के साथ-साथ इस युद्ध से जुड़े सभी पक्षों को बातचीत में शामिल करने के लिए डिप्लोमैटिक कोशिशों को बढ़ावा देने की वकालत की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग, खास तौर पर भारत और




यूरोपियन यूनियन के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा- यूरोपियन यूनियन भारत का सबसे बड़ा बिजनेस पार्टनर और इन्वेस्टर है। हम पिछले कुछ सालों से लगातार बड़े समझौते कर रहे हैं। मैं दोनों के बीच पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ते स्ट्रैटेजिक समझौतों को देख रहा हूं। उन्होंने सुझाव दिया कि दोनों के लिए फायदेमंद समझौता आर्थिक सहयोग को बढ़ा सकता है। देश बाहरी मामलों से ज्यादा अपने फायदे पर जोर दें जियो पॉलिटिकल प्रेशर, खास तौर पर चीन के साथ तनाव को लेकर उन्होंने कहा कि देशों को बाहरी मामलों से ज्यादा अपने देश के हितों पर जोर देना चाहिए। मेरा जीवन किसी दूसरे देश के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। मेरा दिलचस्पी एक शांत, समृद्ध और सहयोगी क्षेत्र देखने में है। जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की आउटरीच बैठक का में शामिल होने पहुंचे एस जयशंकर तीन दिवसीय दौरे के लिए इटली पहुंचे हैं। यहां वो 24 से 26 नवंबर तक चलने वाले जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की आउटरीच बैठक का हिस्सा होंगे। इटली ने इस बैठक के लिए भारत को गेस्ट कंट्री (मेहमान देश) के तौर पर न्योता भेजा है। विदेश मंत्रियों की ये बैठक इटली के फिउग्गी में चल रही है। अपनी यात्रा के दौरान वे रोम में भारतीय दूतावास के नए परिसर का उद्घाटन भी किया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित मेडिटेरेनियन डायलॉग के 10वें संस्करण में भी हिस्सा लिया।

## ट्रंप कैबिनेट में कोलकाता में जन्मे जय भट्टाचार्य की एंट्री, कोरोनाकाल में लॉकडाउन के रहे विरोधी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक जय भट्टाचार्य को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के निदेशक के रूप में चुना है। एनआईएच देश के शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान और वित्त पोषण संस्थानों में से एक है। इसके साथ ही ट्रंप 2.0 कैबिनेट में भट्टाचार्य शीर्ष प्रशासनिक पद के लिए नामित होने वाले पहले भारतवंशी हैं।

इससे पहले ट्रंप ने टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क के साथ डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफिशिएंसी (डोज) का नेतृत्व करने के लिए भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी को चुना था। हालांकि, यह एक स्वैच्छिक पद है और इसके लिए अमेरिकी सीनेट से पुष्टि की आवश्यकता नहीं है। यानी यह विभाग सीधे तौर पर ट्रंप के कैबिनेट से नहीं जुड़ा है और यह सरकार के बाहर रहकर काम करेगा। ट्रंप ने कैबिनेट में शीर्ष पद के लिए भारतवंशी के नाम का एलान करते हुए कहा, ''मुझे जय भट्टाचार्य, एमडी, पीएचडी. को एनआईएच के निदेशक के रूप में नामित करके काफी खुशी हो रही है। डॉ. भट्टाचार्य रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के साथ मिलकर राष्ट्र के चिकित्सा अनुसंधान की दिशा में मार्गदर्शन करेंगे और स्वास्थ्य में सुधार लाने और लोगों की जिंदगी बचाने वाली अहम खोज को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम करेंगे।'' जय भट्टाचार्य का जन्म पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुआ। वह उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चले गए थे। उन्होंने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में 1990 के दौर में यहां बैचलर ऑफ आर्ट्स और फिर मास्टर ऑफ आर्ट्स किया। इसके बाद उन्होंने डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) की डिग्री हासिल की और साल 2000 में अर्थशास्त्र में पीएचडी किया। ट्रंप ने कहा कि जय भट्टाचार्य मौजूदा समय में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में स्वास्थ्य नीति के प्रोफेसर हैं और नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च में रिसर्च एसोसिएट के तौर पर काम कर रहे हैं। वे स्टैनफोर्ड में स्वास्थ्य और उम्र से जुड़े जनसांख्यिकी और अर्थशास्त्र केंद्र के निदेशक हैं। उनकी रिसर्च स्वास्थ्य के अलावा कमजोर आबादी की बेहतर देखभाल से जुड़ी है। उनकी रिसर्च अर्थशास्त्र, कानून से लेकर स्वास्थ्य नीति के जर्नल्स तक में छपी हैं। कोरोनाकाल के दौरान लॉकडाउन का विकल्प भी बताया भट्टाचार्य ने कोरोनाकाल में ग्रेट बैरिंगटन डेक्लेरेशन का सह-लेखन भी किया था। यह अक्तूबर 2020 से कोरोना में लगाए गए लॉकडाउन का विकल्प बताया गया था। इस दौरान उन्होंने सरकार के कोरोना से जुड़े प्रतिबंधों और मास्क नीति का भी विरोध किया था। उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए इसे लोगों में फैलने देने और हर्ड इम्युनिटी के पक्ष में तर्क दिए थे।

# पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी का विरोध प्रदर्शन खत्म : सेना ने खदेड़ा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अपना विरोध-प्रदर्शन खत्म कर दिया है। पाकिस्तानी वेबसाइट द डॉन के मुताबिक पार्टी ने बुधवार सुबह इसका ऐलान किया। पीटीआई ने कहा कि इमरान खान की सलाह पर आगे कोई फैसला किया जाएगा। पीटीआई ने एक प्रेस रिलीज में कहा है, सरकार क्रूरता से निहत्थे नागरिकों की हत्या के लिए तैयार है। इस्लामाबाद को कत्लगाह बनने से रोकने के लिए वे अपने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को अस्थायी तौर पर स्थगित कर रहे हैं। इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी और खैबर पख्तूनख्वा के सीएम अली अमीन गंडापुर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक गंडापुर ने मंगलवार देर रात प्रदर्शनकारियों को घर चले जाने को कहा था। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा दोनों गिरफ्तारी के डर से भाग गए हैं। मंत्री तरार बोले- संसद भवन पर हमला करने की योजना थी डॉन ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि गंडापुर और बुशरा बीबी इसके बाद विरोध प्रदर्शन से चले गए और उसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तरार ने दावा किया कि दोनों खैबर पख्तूनख्वा वापस लौट गए हैं। तरार ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने संसद पर भी हमला करने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि इसी वजह से भागते वक्त उन्होंने कंटेनर में आग लगा दी। भागने से पहले वे इसी कंटेनर में रह रहे थे। वे नहीं चाहते थे कि उनके जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों को प्रदर्शन से



जुड़े सबूत हाथ लगें। पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई को लेकर 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। 3 दिनों में हुए विरोध प्रदर्शन में कम से कम 7 लोगों की जान चली गई। इनमें 4 प्रदर्शनकारी और 3 पुलिसकर्मी शामिल हैं। सुरक्षाकर्मियों ने 500 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया है। सेना ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा इमरान खान समर्थक मंगलवार दोपहर को इस्लामाबाद में डी-चौक पर पहुंच गए थे। इस इलाके में संसद, पीएम, राष्ट्रपति का कार्यालय और सुप्रीम कोर्ट हैं। हालांकि, पाकिस्तानी पुलिस और सेना ने रात 8 बजे के बाद प्रदर्शनकारियों को वापस खदेड़ दिया। मंगलवार को पूरे दिन पीटीआई समर्थकों का संघीय राजधानी में सुरक्षाकर्मियों से टकराव हुआ। झड़प के दौरान 60 से अधिक लोग घायल हो गए, क्योंकि दोनों तरफ से आंसू गैस और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया गया। हिंसा से निपटने के लिए राजधानी इस्लामाबाद में धारा 245 लागू कर दी गई थी। प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया था। पुलिसकर्मी की मौत के मामले में इमरान पर मामला दर्ज तक्षशिला पुलिस ने सोमवार को एक पुलिस कांस्टेबल की मौत के मामले में मंगलवार को इमरान खान और सीएम गंडापुर के खिलाफ मामला दर्ज किया। एफआईआर में कहा गया है कि आंसू गैस, रबर बुलेट गन और अन्य हथियारों से लैस प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों पर हिंसक हमले किए। एफआईआर के मुताबिक, पीटीआई से जुड़े लोगों ने कांस्टेबल मुबाशिर हसन को घायल कर दिया और उसे लाल रंग की वैन में अगवा कर लिया। इसके बाद उसे हकला ब्रिज के नीचे फेंक दिया गया। कांस्टेबल हसन को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

## जानकारी

# क्या आप भी चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं? जानें कितना सुरक्षित है फेस वैक्सिंग

कई महिलाएं चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं। जिन महिलाओं के चेहरे पर ज्यादा बाल होते हैं, वो चेहरे पर ब्लीच, थ्रेडिंग या वैक्सिंग कराती हैं। लेकिन जो महिलाएं चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं, उन्हें चेहरे पर वैक्सिंग कराने के साइड इफेक्ट्स के बारे में भी मालूम होना चाहिए। चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। यहां पर हम आपको बता रहे हैं कि चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय किन बातों का ध्यान जरूर रखें।

### चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय इन बातों का ध्यान रखें



- चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय जरा सी गलती होने पर चेहरे की खूबसूरती बिगड़ सकती है इसलिए चेहरे पर वैक्सिंग बहुत सोच-समझकर कराएं।
- चेहरे की त्वचा बहुत सॉफ्ट होती है और चेहरे पर वैक्सिंग कराने से चेहरे पर बहुत जल्दी झुर्रियां यानी रिंकल्स हो सकते हैं, इसलिए बहुत जरूरी हो तो ही चेहरे पर वैक्सिंग कराएं।
- वैक्सिंग से हेयर फॉलिकल्स को नुकसान पहुंचता है, जिससे चेहरे पर सूजन, दाग पड़ जाना, इंफेक्शन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
- यदि आपके चेहरे पर बाल कम हैं, तो वैक्सिंग की बजाय चेहरे पर ब्लीच कर लें।
- यदि आपके चेहरे पर बहुत मोटे बाल हैं, तो आपके लिए लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट बेस्ट है।
- यदि आप अपने हाथ-पैर की वैक्सिंग खुद घर पर ही करती हैं, तो भी चेहरे की वैक्सिंग खुद न करें, क्योंकि चेहरे की वैक्सिंग मुश्किल होती है। चेहरे की वैक्सिंग करते समय वैक्स का टेम्प्रेचर, वैक्सिंग स्ट्रिप की क्वालिटी आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है इसलिए हमेशा एक्सपर्ट से ही चेहरे की वैक्सिंग कराएं।
- वैक्सिंग कराते समय अपने स्किन टाइप का भी जरूर ध्यान रखें। यदि आपकी स्किन सेंसिटिव है, तो एक्सपर्ट से इस बारे में पहले ही डिस्कस कर लें, वरना चेहरे पर इंफेक्शन हो सकता है।
- चेहरे की वैक्सिंग कराते समय हाइजीन का विशेष ध्यान रखें, वरना चेहरे पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ सकती है।
- चेहरे पर वैक्सिंग कराने के तुरंत पहले या बाद में ब्लीच न करें, इससे आपके चेहरे को नुकसान हो सकता है। चेहरे पर ब्लीच करना है या नहीं इसके बारे में एक्सपर्ट से सलाह लें।
- वैक्सिंग कराने के बाद चेहरे पर वैक्सिंग लोशन या फेस सीरम लगाना न भुलें, वरना चेहरे पर रैशेज हो सकते हैं।
- वैक्सिंग कराने के तुरंत बाद धूप में न जाएं और न ही किचन में गैस के सामने खड़े होकर काम करें।
- जब तक जरूरत न हो, चेहरे पर वैक्सिंग न कराएं, जल्दी-जल्दी वैक्सिंग कराने से चेहरे की त्वचा को नुकसान हो सकता है।

# थोरेसिक स्पाइन के इलाज में एक नया आयाम वैट सर्जरी



**महानगरों की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी, सोने तथा चलने के तौर तरीकों में बदलाव की बदौलत पीठ तथा गर्दन दर्द के रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। एक मोटे तौर के अनुसार देश में हर सातवां व्यक्ति पीठ तथा गर्दन दर्द से परेशान है। पीठ तथा गर्दन दर्द के रोगियों में महिलाओं की संख्या काफी तादात में है। कमर दर्द के अनेक कारण हैं, लेकिन लगातार झुककर बैठना, रोजाना देर तक स्कूटर व मोटरसाइकिल चलाना, दफ्तर में झुककर काम करना और देर तक कंप्यूटर या टाइपराइटर पर काम करने वाले लोगों में यह दर्द ज्यादा होता है।**

वर्तमान समय में कंप्यूटर के बढ़ते इस्तेमाल के कारण गर्दन दर्द का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि देश के बड़े शहरों एवं महानगरों में कंप्यूटर के बढ़ते इस्तेमाल के कारण कमर दर्द से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यूं तो बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी कमर दर्द से प्रभावित हो सकते हैं। बढ़ती उम्र, भारी शारीरिक कार्य, लंबी अवधि तक एक ही स्थिति में काम करने वाले लोग (जैसे सेक्रेटरी, रिसेप्शनिस्ट, काल सेंटर के कार्मिक) भारी सामान उठाने वाले, वाइब्रेटर टूल आपरेटर आदि अधिक प्रभावित होते हैं। यदि इस के उपचार की बात की जाए तो कई प्रकार के उपचार भी मौजूद हैं। जैसे- बेड रेस्ट, इंजेक्शन, शल्य-चिकित्सा, स्पाइनल फ्यूजन, डिस्क प्रत्यारोपण, वर्टिब्रोप्लास्टी, पिन होल सर्जरी और मिनिमल इंवेसिव सर्जरी आदि। लेकिन हर उपचार की अपनी कुछ सीमाएं हैं। मगर अब वैट सर्जरी (वीडियो एसिस्टिड थोरोस्कोपी) नामक एक नई सर्जरी की शुरुआत की गई है।

### थोरेसिक स्पाइन की आम बीमारियां क्या हैं?

थोरेसिक स्पाइन में गर्दन व कमर की तरह कई सारी बीमारियां हो सकती हैं जैसे कि स्लिप्ड डिस्क, ट्यूमर, संक्रमण जैसे टी.बी., फेक्चर, कूबड़ इत्यादि। इन बीमारियों में सीने के पीछे कमर में दर्द व सीने में खिंचाव रहता है और ये दर्द कभी कभी नीचे पैरों तक भी जा सकता है। इसके साथ पैरों का सुन्न होना, चलने में मुश्किल व दैनिक क्रिया करम में दिक्कत पैदा हो सकती है। इन सभी कष्टों का कारण होता है नसों पर दबाव। अब वैट सर्जरी के द्वारा इस दबाव को आसानी से कम किया जा सकता है। इसके साथ-साथ कूबड़ के मरीजों की कमर का टेढ़ापन आसानी से दूर किया जा सकता है।

### वैट सर्जरी के क्या फायदे हैं?

वैट सर्जरी में एक पतली सी दूरबीन द्वारा सीने की रीढ़ की हड्डी तक पहुंचकर टीवी स्क्रीन पर देखते हुए, वो सारे आपरेशन संभव हो गए हैं जो कि पहले सीने को खोलकर संभव हो पाते थे। इसमें एक विशेष किस्म की बेहोशी करके मरीज के एक फेफड़े को पिचका दिया जाता है, जिससे कि बिना किसी रुकावट के ट्यूमर या डिस्क को आसानी से निकाला जा सकता है। यह पूरी सर्जरी केवल एक या दो घंटे में पूरी हो जाती है। इसका मुख्य फायदा यह है कि मरीज अगले दिन से चल फिर सकता है। खून बहने व संक्रमण का रिस्क नहीं होता और मरीज को तीन दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है, जिससे कि दवाईयां व अस्पताल का खर्च बच जाता है। वास्तव में यह सर्जरी बहुत ही उपयोगी व मरीजों के लिए एक वरदान के समान है।

**डॉ. सतनाम सिंह** छाबड़ा, सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली


## स्लिप्ड डिस्क किस उम्र में खतरा ज्यादा होता है

- आमतौर पर 30 से 50 वर्ष की उम्र में कमर के निचले हिस्से में स्लिप्ड डिस्क की समस्या हो सकती है।
- 40 से 60 वर्ष की आयु तक गर्दन के पास सर्वाइकल वर्टिब्रा में समस्या होती है।
- विशेषज्ञों के अनुसार अब 20-25 वर्ष के युवाओं में भी स्लिप डिस्क के लक्षण तेजी से देखे जा रहे हैं। देर तक बैठ कर कार्य करने के अलावा स्पीड में बाइक चलाने या सीट बेल्ट बांधे बिना ड्राइविंग करने से भी यह समस्या बढ रही है। अचानक ब्रेक लगाने से शरीर को झटका लगता है और डिस्क को नुक्सान हो सकता है।

### सामान्य लक्षण

- नसों पर दबाव के कारण कमर दर्द, पैरों में दर्द या पैरों, एडी या पैर की अंगुलियों का सुन्न होना।
- पैर के अंगूठे या पंजे में कमजोरी।
- स्पाइनल कॉर्ड के बीच में दबाव पडने से कई बार हिप या थाईज के आसपास सुन्न महसूस करना।
- समस्या बढने पर यूरिन-स्टूल पास करने में परेशानी।
- रीढ के निचले हिस्से में असहनीय दर्द।
- चलने-फिरने, झुकने या सामान्य काम करने में भी दर्द का अनुभव। झुकने या खांसने पर शरीर में करंट सा अनुभव होना।

### जांच और उपचार



दर्द लगातार बना रहना, एक्स-रे या एमआरआइ, लक्षणों और शारीरिक जांच से डॉक्टर को पता चलता है कि कमर या पीठ दर्द का सही कारण क्या है और क्या यह स्लिप्ड डिस्क है।जांच के दौरान स्पॉन्डलाइटिस, डिजेनरेशन, ट्यूमर, मेटास्टेज जैसे लक्षण भी पता लग सकते हैं।

## सेहत

# मेथी के 16 फायदे

मेथी हर रसोई में मिल जाएगी, खाने का फ्लेवर बढ़ाने के साथ ही ये कई बीमारियों को भी दूर रखती है। ठंड के मौसम में मिलने वाले मेथी के पत्तों की सब्जी बनाकर खाएं। स्वाद में भले ही ये थोड़ी कड़वी होती है, मगर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। खासकर महिलाओं के लिए। वैसे सिर्फ मेथी के पत्ते ही नहीं, मेथी दाना भी सेहत का खजाना है। मेथी में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है।



- डिलीवरी के बाद महिलाओं को मेथी के लड्डू खाने को कहा जाता है। इससे प्रेग्नेंसी के बाद शरीर मजबूत बनता है और कमजोरी महसूस नहीं होती। ब्रेस्टफीड करानेवाली महिलाओं के लिए मेथी के पत्तों की सब्जी बहुत फायदेमंद होती है। मेथी कैल्शियम का भी बेहतरीन स्रोत है।
- पेट में जलन होने पर मेथी की सूखी पत्तियों और शहद को मिलाकर काढ़ा बनाएं। दिन में दो बार इसे पीने से पेट की जलन से राहत मिलती है।
- मेथीदाना को पीस लें और गुड़ में मिलाकर लड्डू बनाएं। ठंड के मौसम में रोजाना एक लड्डू खाने से सर्दी-खांसी की समस्या नहीं होगी।
- मेथी की सब्जी बनाकर खाएं। इससे डाइजेशन ठीक रहता है।
- मेथी बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करके हार्ट डिसीज के खतरे को कम करती है।
- मेथी डायबिटीज पेशेंट के लिए भी रामबाण से कम नहीं है. ये शुगर लेवल को कम करने में मदद करती है।
- यह शरीर से हानिकारक टॉक्सिंस को निकालने में मदद करती है।
- मेथी याददाश्त बढ़ाने में भी मददगार है।
- वजन कम करने में भी मेथी कारगर है। इसमें पाए जाने वाले फाइबर्स पेट के लिए फायदेमंद होते हैं।
- मेथी के दानों को रातभर पानी में भिगोकर रखें और सुबह खाएं, बहुत ज्यादा होगा।
- यदि स्किन प्रॉब्लम्स जैसे- रिंकल्स, ब्लैकहेड्स, पिंपल्स, ड्राईनेस आदि से परेशान हैं, तो मेथी की पत्तियों का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं और करीब 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।
- हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने में भी मेथी बेहद कारगर होती है।
- मेथी एक बेहतरीन घरेलू दवा का काम करती है। ये बुखार और कई अन्य मौसमी बीमारियों को ठीक करने में मदद करती है।
- मेथी के पत्तों से हर्ब टी बनाई जा सकती है, इसे पीने से दिमाग शांत और फ्रेश रहता है।
- मेथी में आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है, इससे शारीरिक कमजोरी दूर होती है।
- मेथी के नियमित सेवन से महिलाओं को पीरियड्स और मेनोपात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलती है।

### मेथी सलाद

एक गड्डी मेथी को धोकर नमक लगाकर 30 मिनट रखकर पानी निचोड़ लें। फिर मेथी के पत्तों को बारीक काट लें। आधा-आधा कप बारीक कटे प्याज और टमाटर, मेथी, आधा टीस्पून लालमिर्च पाउडर, 1 टीस्पून तेल और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। तैयार मेथी सलाद का मजा लें।

### मेथी टमाटर

एक गड्डी मेथी को साफ करके काट कर उबाल लें। कड़ाही में 1 टेबलस्पून तेल गरम करके हींग, राई और जीरे का छौंक लगाएं। अब 1 टमाटर बारीक कटा हुआ, आधा-आधा टीस्पून धनिया पाउडर व लालमिर्च पाउडर डालकर 2 मिनट तक भूनें। 2-3 टेबलस्पून पानी डालकर एक उबाल आने पर मेथी व नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। धीमी आंच पर 5-7 मिनट पकने के बाद आंच से उतार लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-2-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-1-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-4-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-5-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 3365




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

**काकुरो - 3364 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

पूजा में पण्डितजी ने बच्चों को लड्डू दिया और कहा-इसे हवन कुण्ड में डालों और कहो स्वाहा. बच्चों ने लड्डू मुंह में डाल लिया और कहा - आहा.


एक लड़का पार्क में साइकिल चला रहा था . उसकी मां बड़े गर्व से उसे देख रही थी. पहले चक्कर में मां के पास आने पर लड़के ने कहा,'देखिये मम्मी, हाथों के बिना.' दूसरे चक्कर में बोला,'देखिये मम्मी, पैरों के बिना.' तीसरे चक्कर में वह चिल्लाया, 'देखिये मम्मी, दांतों के बिना.'

एक खूबसूरत लड़की बस स्टॉप पर खड़ी था, एक नौजवान बोला-चांद तो रात को निकलता है, आज दिन में कैसे निकल आया? लड़की बड़ी हाजिरजवाब थी. बोली- अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है ?

मास्टरजी: (व्याकरण पढ़ाते हुए) एक ऐसा वाक्य बताओ जिसमें वर्तमानकाल, भूतकाल और भविष्यकाल तीनों आ जायें.
छात्र: सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था, आज भी है, और कल भी रहेगा.

जज: (चोर से) तुम्हें बार-बार कचहरी में आते लज्जा नहीं आती ?
चोर: हुजूर मैं तो साल में एक बार ही आता हूँ मगर आप तो रोज ही आते हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3365



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खूबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लक्कीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद्र, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 3364**



## सूडोकु -3365


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3364 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 3365



**बाएँ से दाएँ**

1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**

1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -3364 का हल**





# कितना सही है नाश्ते में दही लेना

**नाश्ते में हम सभी कुछ ऐसा खाना पसंद करते हैं, जो खाने में टेस्टी हो और हमारे शरीर को पूरा दिन काम करने की एनर्जी देता रहे। ऐसे में ज्यादातर लोग किसी ना किसी रूप में नाश्ते में दही खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या नाश्ते में दही लेना एक स्वस्थ विकल्प है?**

## पाचक होती है लेकिन नींद दिलाती है

- यदि आपके दिन शुरुआत ही दही के साथ हो रही है तो यह आपको एनर्जी देने के स्थान पर नींद दिला सकती है और शरीर में सुस्ती बढ़ा सकती है। इसलिए दही कभी भी आपके फर्स्ट फूड का भाग नहीं होना चाहिए। हालांकि दही नाश्ते का एक शानदार हिस्सा है। यदि आप इसे खाते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखते हैं तब.

## समझे विरोधी बातों का अर्थ

- एक तरफ तो हम कह रहे हैं कि दही नाश्ते में खाना अच्छा है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि इसे खाने से सुस्ती बढ़ सकती है। दरअसल, ये दोनों ही बातें सही हैं। दही खाने पर आपको एनर्जी मिलेगी या सुस्ती आएगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि दही खाने का आपका तरीका क्या है।

## इस तरह खाएं और इस तरह ना खाएं दही

- आप नाश्ते में चपाती, पराठा, चिल्ला आदि के साथ दही खा सकते हैं। एक कटोरी दही का सेवन नाश्ते में करना शरीर के लाभकारी होता है और पाचनतंत्र को सही करता है। साथ ही शरीर को दिनभर के लिए ऊर्जा देने में लाभकारी होता है।
- लेकिन नाश्ते में दही का सेवन तभी करना चाहिए जब आप सुबह के समय नाश्ते से पहले कुछ खा या पी चुके हों। जैसे, सुबह की शुरुआत आपने पानी के साथ की हो और फिर चाय-टोस्ट, स्प्राउट्स या ड्राईफ्रूट्स आदि खाए हों। इसके एक घंटे बाद यदि आप नाश्ते में दही का सेवन करते हैं तो आपको नींद नहीं आएगी। आपको गैस बनने की समस्या है तो इन 5 सब्जियों से बचना चाहिए

## खाली पेट नहीं खानी चाहिए दही

- सुबह के समय आप नाश्ते में केवल मीठी दही का उपयोग कर सकते हैं। खट्टी दही खाने से परहेज करें। साथ ही नाश्ते में दही खाते समय आप इसमें एक चम्मच शक्कर मिला सकते हैं। यदि आपको शुगर की समस्या नहीं है तब।
- दिन की शुरुआत यदि किसी भी कारण देरी से हुई हो और आपके पास नाश्ता करने का समय ना हो तो भूलकर भी खाली दही ना खाएं। यदि आप खाली पेट दही खाते हैं तो आपको जबदस्त नींद आएगी और आप खुद को बहुत थका हुआ अनुभव करेंगे।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि खाली पेट दही खाने से कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर कम होने की समस्या हो जाती है। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो कम होता है और ऑक्सीजन का स्तर घटने लगता है। यही कारण है कि बहुत तेज नींद आती है और बेहोशी जैसा अनुभव होता है।



# लगातार बनी रहती है थकान तो ऐसे रखें अपना ध्यान



**आप चाहे मानसिक काम अधिक करते हैं या शारीरिक काम। यदि आपको काम करते समय बहुत जल्दी थकान होने लगती है तो इसका एक अर्थ यह होता है कि आपके शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या है। जी हां, केवल पोषण की कमी के कारण ही नहीं बल्कि शरीर में पानी की कमी के कारण भी जल्दी थकान होती है। जो लोग नियमित रूप से जरूरी पानी नहीं पीते हैं, उन्हें काम करते समय अधिक थकान होना और अन्य लोगों की तुलना में जल्दी थकान होने जैसी समस्याएं होती हैं। जानें, जल्दी थकान होने के अन्य कारण और उनके निवारण के तरीके**

## जल्दी थकने की वजह

- आमतौर पर जो लोग बहुत जल्दी थकान होने की समस्या से पीड़ित होते हैं, उनके शरीर में कुछ खास तत्वों की कमी देखने को मिलती है.
- पानी की कमी
- खून की कमी
- विटमिन-बी12 की कमी
- फोलेट या फॉलिक एसिड की कमी देखने को मिलती है।

जल्दी थकान से बचने के तरीकों में ना केवल अपने खान-पान पर ध्यान देना है बल्कि यह भी ध्यान देना है कि जिस डायट का सेवन आप कर रहे हैं और जिन ड्रिंक्स को आप ले रहे हैं, क्या वे आपके शरीर की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। यहां जानें कैसे रखा जाएगा इस बात का ध्यान.



## तरल पदार्थों का सेवन

- जल्दी-जल्दी होने वाली थकान की समस्या से बचने के लिए जरूरी है कि आप तरल पदार्थों का सेवन बढ़ा दें। इनमें जूस, सूप, छांछ, दाल इत्यादि शामिल हैं। इसके साथ ही समय-समय सादा पानी पीते रहें। वयस्कों को हर दिन कम से कम 8 गिलास पानी पीना चाहिए।

## तनाव को नियंत्रित करना सीखें

- जल्दी थकने की एक बड़ी वजह लगातार बना रहनेवाला तनाव भी होता है। तनाव का कारण चाहे जो भी लेकिन यह व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जल्द थका देता है। इसलिए तनाव से बचने के लिए हर दिन कुछ समय के लिए मेडिटेशन यानी ध्यान जरूर करें। यह आपको मानसिक रूप से फिट रखने का काम करेगा।

## फलियों का सेवन करें

- हरी फलियां कई तरह की वरायटी में आती हैं। खास बात यह है कि मौसम की प्रकृति और उस दौरान शरीर की जरूरत के अनुसार हर सीजन में आनेवाली फलियां पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं।
- हरी फलियां फाइबर युक्त होती हैं और इनका पाचन धीमी गति से होता है। इसलिए ये शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा देने का काम करती हैं, जिससे शरीर पर थकान कम हावी होती है।

## ड्राईफ्रूट्स

- ऐसा नहीं है कि ड्राईफ्रूट्स का सेवन केवल सर्दियों में ही करना चाहिए। बल्कि सीमित मात्रा में और दूध के साथ ड्राईफ्रूट्स का सेवन गर्मियों में भी हर दिन किया जा सकता है।
- क्योंकि ड्राईफ्रूट्स केवल हमारे शरीर को गर्माहट देने का ही काम नहीं करते हैं बल्कि पोषण देने का काम भी करते हैं। शरीर की कमजोरी को दूर करने में मीट भी अच्छी भूमिका निभाता है। लेकिन कोरोना संक्रमण के दौर में हम आपको मीट खाने की सलाह नहीं देना चाहते हैं। इस समय में आप थकान से बचने के लिए ड्राईफ्रूट्स यानी सूखे मेवों का सेवन कर सकते हैं।



# शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण

शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाना कई रोगों का कारण बनता है। ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर सबसे जल्दी और सबसे बुरा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। इस स्थिति में कोई भी वायरस और बैक्टीरिया हमारे शरीर पर हावी हो सकता है। शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण क्या होते हैं.

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने से अर्थ है कि शरीर को अपनी नियमित क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितनी मात्रा में ऑक्सीजन चाहिए, उतनी मात्रा में ऑक्सीजन ना मिल पाना।
- जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो सबसे पहले व्यक्ति को थकान महसूस होती है, सांस लेने में दिक्कत होने लगती या सांस फूलने लगता है। इसके बाद शरीर में रक्त के प्रवाह की गति धीमी हो जाती है। इससे थकान और घबराहट बढ़ जाती है।

## हो सकती हैं ये बीमारियां

- यदि शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाए तो ब्रेन डैमेज और हार्ट अटैक तक की स्थिति बन जाती है। शुगर के रोगियों में यदि ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो उनकी शुगर अचानक बहुत अधिक बढ़ सकती है, जो कि एक जानलेवा स्थिति भी बन सकती है।
- ऑक्सीजन का स्तर अचानक से बहुत अधिक घट जाने पर शरीर में थायरॉइड हॉर्मोन का संतुलन गड़बड़ा जाता है। इस स्थिति में थायरॉइड का स्तर या तो बहुत अधिक बढ़ सकता है या बहुत अधिक घट सकता है।

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कारण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कई कारण होते हैं, जो व्यक्ति की लाइफस्टाइल पर निर्भर करते हैं। जो लोग बहुत अधिक आलस से भरपूर जीवनशैली जीते हैं यानी फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं करते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।
- जो लोग बहुत अधिक शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन उसके हिसाब से डायट नहीं लेते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है।
- जिन लोगों के भोजन में आयरन की मात्रा कम होती है अगर वे लंबे समय तक इसी तरह का भोजन लेते रहें तो उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। क्योंकि फेफड़ों सहित पूरे शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह करने में आयरन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# चैन की नींद सोना है तो जरूर करें यह काम

**अगर आप चाहते हैं कि रात में आपको सुकून की नींद आए, पैरों में कुलन और बेचैनी के कारण आपकी नींद में किसी तरह की बाधा ना आए तो आपको सोने से पहले एक खास काम करना होगा। यह काम आपके शरीर को राहत देने के साथ ही दिमाग को भी शांति देगा। आइए, जानते हैं कि आखिर क्या और कैसे करना है.**

## आपको क्या करना है?

- बिस्तर पर जाने से पहले आपको अपने पैर साफ पानी से धुलकर कॉटन के कपड़े से पोछकर साफ करने हैं। इसके बाद सरसों के तेल से अपने पैरों की मालिश करें। यह मालिश 2 से 3 मिनट की भी हो तो काफी है। यहां जानें इस तरह हर दिन मालिश करने से आपको किस तरह के लाभ होंगे.

## पैर के तलुए में होते हैं सभी एक्युप्रेशर पॉइंट्स

- हमारे पैर के तलुओं में पूरे शरीर के एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं। पैर के तलुओं पर मसाज करने से इन पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है, जिससे शरीर का तनाव कम होता है और मानसिक शांति बढ़ती है। इसलिए आप अच्छी नींद आती है।

## ताउम्र रहेंगे युवा


- अगर आप हर दिन सोने से पहले अपने पैर के तलुओं पर सरसों के तेल से मालिश करेंगे तो आप ताउम्र युवा बने रहेंगे। यहां युवा बने रहने से हमारा आशय है कि आपके दांत, आपकी दृष्टि और आपके शरीर के जोड़ों में किसी तरह का दर्द या समस्या नहीं हो पाएगी।

## चश्मा नहीं लगेगा

- यदि आप सोने से पहले हर दिन अपने पैरों पर सरसों तेल से मालिश करते हैं तो आप अपनी कमजोर आइसाइट को भी ठीक कर सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि आपको एक या दो हफ्ते में ही इसका असर देखने को मिल जाएगा।

## पाचन को ठीक रखे

- आपको जानकर थोड़ी हैरानी हो सकती है। लेकिन यह सही है कि जो लोग नियमित रूप से अपने पैर के तलुओं पर मालिश करते हैं या किसी और से कराते हैं, उनका पाचनतंत्र अन्य लोगों की तुलना में काफी ठीक रहता है। साथ ही उन्हें पेट संबंधी रोग नहीं घेरते हैं।
- साथ ही ऐसे लोगों के शरीर पर थकान हावी नहीं हो पाती है। पैर के तलुओं की मसाज करने से शरीर के डैमेज सेल यानी क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जल्द मरम्मत होती है। इससे त्वचा भी चमकदार बनी रहती है। तो देर किस बात की, खूबसूरती और सेहत के लिए आज से ही शुरू करें पैर के तलुओं की मालिश।



# ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत हो सकता है आंखों में पानी आना

आंखे शरीर का सबसे जरूरी, सुंदर और नाजुक अंग है। सर्दी के मौसम में नमी और ठंडक के कारण आंखों में पानी आ जाता है लेकिन यह ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत भी हो सकता है। इस बीमारी में आंखों से बहुत ज्यादा पानी आना, धुंधला दिखाई देना और चुभन महसूस होना, सूजन, रैशेज, लालपन जैसे लक्षण दिखाई देते है। इस बीमारी का समय पर इलाज न करने पर आंखों की रोशनी जा भी सकती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप डॉक्टर की दवाइ के साथ-साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। इन घरेलू नुस्खों की मदद से आप बिना किसी नुकसान के इस परेशानी से छुटकारा पा सकते है।

**गीला कपड़ा** – आंखों को हाथों से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों में जलन, दर्द या खुजली होने पर साफ पानी में कपड़े को भिगोकर आंखों की सफाई करें। इससे किसी भी तरह की बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

**नारियल का तेल** – नारियल तेल में मौजूद गुण आखों की गंदगी को साफ करते हैं। रोजाना आंखों के नीचे और आस-पास नारियल के तेल की मालिश करें। आपको इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

**हर्बल टी** – कोमोमाइल या पेपरमिंट चाय की पत्तियों को थोड़ी देर गर्म पानी में भिगो दें। इसके बाद थोड़ी-थोड़ी देर में आंखों की सिकाई करें। ध्यान रहें कि पानी ज्यादा गर्म न हो।

**नमक** – कई बार आंखो में जलन और खुजली के कारण पानी आने लगता है। ऐसे में आप 1 गिलास गर्म पानी में चुटकीभर नमक डालकर आंखों की सिकांई करें। दिन में 3 बार इसका इस्तेमाल खुजली और जलन की परेशानी को दूर कर देगा।

**बेकिंग सोडा** – साफ पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर गर्म करें। पानी थोड़ा रह जाने पर इससे अपनी आंखों को धो लें। इससे आपको आराम मिल जाएगा।

**ठंडा दूध** – कॉटन बॉल को ठंडे दूध में डिप करके अपनी आंखों के आस-पास रगड़ें। इसके अलावा आप कॉटन बॉल को ठंडे दूध में भिगोकर रख भी सकते है। इन उपायों को सुबह-शाम करने से आपको आराम मिल जाएगा।

**एलोवेरा** – एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद और 1/2 कप एल्डरबैरी चाय मिलाएं। रोजाना दिन में 2 बार इस मिश्रण से अपनी आंखों को धोएं। आपकी परेशानी कुछ समय में ही दूर हो जाएगी।

**कच्चा आलू** – एस्ट्रिंजेंट के गुणों से भरपूर कच्चा आलू आंखों में पानी आने की समस्या से जल्दी राहत देता है। आलू की पतली स्लाइस काट कर कुछ देर फ्रिज में रखें। इसके बाद इस ठँडी स्लाइस को 15 से 20 मिनट के लिए आंखों के उपर रख लें। 2-3 दिन तक इसका इस्तेमाल आपकी इस समस्या को दूर कर देगा।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# रैपर बादशाह के रेस्तरां में हुआ बम धमाका

**बॉलीवुड** रैपर बादशाह के रेस्तरां चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ। इसकी जिम्मेदारी गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ने ली है।

26 नवंबर को चंडीगढ़ के 26 सेक्टर में जिस जगह पर बम ब्लास्ट हुआ है, वहां रेस्तरां और सेविले बार और लाउंज के मालिक रैपर बादशाह हैं। अधिकारियों की मानें तो विस्फोट मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों द्वारा फेंके गए कम तीव्रता वाले उपकरण से हुआ था।

### गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ने ली जिमेदारी

गैंगस्टर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा, जो लॉरेंस बिश्नोई की गैंग से संबंध रखते हैं। दोनों ने इस मामले की जिमेदारी ली है। उन्होंने कहा कि उन्होंने लब मालिकों से जबरन वसूली की मांग की थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, जिसके कारण उन्होंने विस्फोट को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने अभी तक दावे की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की है। इससे लॉरेंस बिश्नोई के कनेशन को लेकर बात की जा रही है।

### चंडीगढ़ में हुआ ये हादसा

पुलिस की मानें तो विस्फोट देओरा के बाहर हुआ, जो रैपर बादशाह के बार और लाउंज के पास है। विस्फोट से संपायियों को कुछ नुकसान हुआ, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। विस्फोट दोपहर करीब 2.30 बजे के बीच हुआ। इससे संपायियों को मामूली नुकसान हुआ है। चंडीगढ़ फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ-साथ बम का पता लगाने वाले दस्तों को सबूत इकट्ठा करने के लिए घटनास्थल पर भेजा गया।




# जब इरीटेटिंग परिणीति को इशकजादें में लिए जाने के खिलाफ थे अर्जुन

**परिणीति** चोपड़ा और अर्जुन कपूर ने निर्देशक हबीब फैसल की रोमांटिक एक्शन फिल्म इश्कजादे में मुख्य भूमिकाएँ निभाईं। अर्जुन कपूर ने हाल ही में रोहित शेट्टी की मल्टी- स्टारर एक्शन फिल्म 'सिंघम अगेन' मेन विलेन का रोल निभाया, फिल्म ने अच्छी कमाई की और लोगों ने अर्जुन कपूर की तारीफ भी की। निर्देशक हबीब फैसल की रोमांटिक एक्शन फिल्म इश्कजादे में परिणीति चोपड़ा के साथ लीड रोल में साल 2012 में डेब्यू करने के बाद भी, अर्जुन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, उनकी आखिरी फिल्म द लेडी किलर (2023) ने 45 करोड़ रुपये के कथित बजट के मुकाबले सिर्फ 60,000 रुपये की कमाई की। मशहूर निर्माता बोनी कपूर और दिवंगत मोना शौरी के बेटे एक्टर अर्जुन कपूर ने हाल ही में अपने करियर को लेकर बात की। उन्होंने अपनी पहली फिल्म इश्कजादे में परिणीति चोपड़ा की कास्टिंग के वक्त उनके मन में चल रही शंकाओं के बारे में बात की। अर्जुन ने मैशेबल इंडिया से कहा, जब कास्टिंग हुई तो मैं उनकी कास्टिंग के बहुत खिलाफ था। मैं ऐसा था, 'ये बहुत बात करती है' और उनकी रीडिंग भी खराब थी।



# काजोल ने बताया अपनी गोरी रंगत का राज!



**बॉलीवुड** की मशहूर एक्ट्रेस काजोल, जो अपनी एक्टिंग और चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं, अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स के निशाने पर रहती हैं। खासतौर पर उनके बदले हुए लुक और गोरी त्वचा को लेकर लोग सवाल करते हैं।

कई बार उनके फैंस भी जानना चाहते हैं कि काजोल, जो पहले सांवली नजर आती थीं, अब इतनी गोरी कैसे हो गईं। काजोल, जो दिग्गज अभिनेत्री तनुजा की बेटी हैं, ने 1992 में फिल्म बेखुदी से अपने करियर की शुरुआत की थी। लेकिन उनकी असली पहचान फिल्म बाजीगर से बनी, जिसमें उन्होंने शाहरुख खान के साथ काम किया।

इसके बाद काजोल ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है, और कभी खुशी कभी गम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से बॉलीवुड में अपनी जगह मजबूत कर ली।

### बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक

आज भी काजोल बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करती हैं। हालांकि, उनकी पोस्ट पर फैंस जहां प्यार बरसाते हैं, वहीं कुछ लोग उनके गोरेपन और लुक्स को लेकर ट्रोल करते हैं।



# भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर रवि किशन का बयान, बोले- जूनियर सुपरस्टार्स ने बर्बाद कर दिया

**एक्टर** रवि किशन के पास 2024 में जश्न मनाने के कई कारण हैं। उनकी फिल्म 'लापता लेडीज़' का ऑस्कर में जाना उनके लिए गर्व की बात है। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लगभग 34 सालों तक रहने के बाद, रवि किशन को लगता है कि आखिरकार उन्हें वह हक मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं। हालांकि, एक्टर भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर थोड़ा निराश हैं।

एक विशेष बातचीत में, रवि किशन ने बताया कि रीजनल सिनेमा ने हाल ही में जो उछाल देखा गया है, इस मामले में भोजपुरी इंडस्ट्री पीछे रह गई है। इसके साथ ही उन्होंने इसके पीछे का कारण भी बताया। अपने स्ट्रगल के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वो भोजपुरी इंडस्ट्री शुरू करने के लिए प्रेरित हुए। उन्होंने कहा, अजय देवगन, अक्षय कुमार और मैंने एक साथ एंट्री की थी, वे सभी आगे बढ़ गए और मैं अकेला पीछे रह गया। फिर मैंने अपनी खुद की भोजपुरी इंडस्ट्री बनाई।

मैं एक बड़ी रेस में था; मैं ट्रेन्ड था, कुछ हद तक मिथुन चक्रवर्ती जैसा दिखता था, लेकिन मुझे कोई मौका नहीं मिल रहा था। उन्होंने आगे कहा, मैं सेकेंड लीड, थर्ड लीड किरदार निभाते-निभाते थक गया था, तभी मुझे 'सइयां हमार' नाम की भोजपुरी फिल्म करने का मौका मिला।

मैंने इसे इसलिए लिया क्योंकि मैं 8-9 साल तक संघर्ष करने से बहुत निराश हो गया था, उस फिल्म ने मुझे बड़ी सफलता दी और मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिर मुझे बिग बॉस मिला और उस शो ने मुझ पर रीजनल एक्टर का ठप्पा लगा दिया.

# राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर एनिमल में दिखाई हिंसा पर की बात

**संदीप** रेड्डी वांगा की रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' एक बड़ी हिट साबित हुई थी, लेकिन बावजूद इसके फिल्म की जमकर आलोचना हुई और आज भी हो रही है। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने कहा कि फिल्मों के सीन आज भी उन्हें परेशान करते हैं। हालांकि राम गोपाल की खुद की कई फिल्मों में जमकर हिंसा दिखाई गई है।



'एनिमल' में हिंसा के बारे में बात करते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा, यह सेनाओं को एक-दूसरे से लड़ते हुए देखने से भी अधिक प्रभावशाली था। वास्तव में, मुझे याद है जब मैं नागार्जुन को शिव के बारे में बता रहा था, जब वह 'अग्नि पुत्रुदु' की शूटिंग कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि शिव में हिंसा बम फोड़े जाने और चाकू मारे जाने से भी अधिक गंभीर होगी। उदाहरण के लिए, नरेश के साथ अंधेरे में थिएटर से आने वाला सीन और जब उसे पीछे से मारा जाता है, हमला काफी प्रभावशाली है। आरजीवी ने कहा, मुझे रणबीर के सीन के साथ भी ऐसा ही महसूस हुआ। एनिमल में, विशेषकर लो एंगल शॉट। यह अब भी मुझे परेशान करता है।

राम गोपाल वर्मा ने कहा कि संदीप रेड्डी वांगा का किस तरह के व्यक्ति हैं, वास्तव में स्क्रीन पर दिखाई गई हिंसा से बिल्कुल अलग हैं। उनकी फिल्म में भले ही इस तरह के सीन हैं, लेकिन वो खुद एक शांत स्वभाव के इंसान हैं। राम गोपाल वर्मा ने वांगा से कहा, ÷मैं तुममें कभी गुस्सा नहीं देखता। हो सकता है कि आप इसे अपने किरदारों के लिए संभाल कर रखते हों, या आप ऐसा दिखा रहे हों जैसे कि आपमें वो गुस्सा है ही नहीं। संदीप रेड्डी वांगा इस वक्त मोस्ट अवेटेड प्रभास-स्टारर 'स्पिरिट' पर काम कर रहे हैं, इसमें प्रभास को एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में दिखाया जा सकता है।




# जेनिफर लोपेज का बोल्ड अंदाज, प्लीटेड मिनी स्कर्ट में फ्लॉन्ट किया टोन्ड फिगर

जेनिफर लोपेज अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। हसीना कभी भी शॉर्ट ड्रेस में अपना फिगर दिखाने से नहीं कतराती हैं। जेनिफर लोपेज मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह अपनी टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। 55 की सिंगर ब्लैक शर्ट और मैचिंग प्लीटेड मिनी स्कर्ट में बेहद बोल्ड लग रही हैं। हसीना ने मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स से लुक्स को पूरा किया था। जेनिफर कातिलाना अंदाज में कैमरे के सामने पोज दे रही हैं।

लोपेज़ के करियर के लिए 2024 शानदार रहा - एटलस एक बड़ी सफलता थी लेकिन बेन अफ्लेक संग उनके रिलेशनशिप ने खूब सुर्खियां बटोरी।

# नागार्जुन के घर दोहरी खुशियों का माहौल, नागा के बाद छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने की सगाई



नागार्जुन के घर दोहरी खुशियों का माहौल है। बड़े बेटे नागा के बाद तेलुगु अभिनेता के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने भी सगाई कर ली है। अभिनेता ने पोस्ट कर जैनब रावदजी का परिवार में स्वागत किया है। अनुभवी तेलुगु अभिनेता नागार्जुन के घर पर दोहरी खुशियों का माहौल है। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी से कुछ दिन पहले अभिनेता के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने सगाई कर ली है। उन्होंने लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड और लाइफस्टाइल ब्लॉगर जैनब रावदजी से सगाई की है। नागार्जुन ने अपने एक्स हैंडल पर जोड़े की एक तस्वीर के साथ खुशखबरी की घोषणा की और परिवार में जैनब का स्वागत किया।

### नागार्जुन के छोटे बेटे ने की सगाई

छोटे बेटे और होने वाली बहू की एक तस्वीर को साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, अपने बेटे अखिल अक्किनेनी और हमारी होने वाली बहू जैनब रावदजी की सगाई की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं।

# जब पत्नी बोलतीं है तो मैं खामोश हो जाता हूं: खेसारी लाल यादव

**भोजपुरी** एक्टर खेसारी लाल यादव इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में खेसारी लाल यादव ने काजल राघवानी से जुड़े कई बयान दिए थे जिसकी वजह से वो चर्चा में रहें, मगर अब उसी पॉडकास्ट से उनका एक और बयान वायरल हो रहा है। जहां खेसारी लाल यादव अपनी वाइफ को लेकर बयान देते नजर आ रहे हैं।



जब खेसारी लाल से पूछा गया कि क्या उनकी वाइफ उनसे लड़ती हैं तो खेसारी ने कहा कि हां और क्यों नहीं लड़ेगी। खेसारी ने कहा, ऐसा नहीं है कि मैं कह दूं कि मेरी वाइफ लड़ती नहीं है? क्यों नहीं लड़ेगी भाई? लड़ाई तो वहीं होती है जहां हक होता है, जहां पर प्यार होता है, जहां पर रिश्ते होते हैं। तो उसका लड़ना भी जायज़ है, ठीक है। हम भी चुप हो जाते हैं, शांत हो जाते हैं, कि चलो यार कोई बात नहीं, हर जगह तो मैं जीत ही जाता हूं, हर आदमी को तो चुप करा ही देता हूं। कहीं तो मुझे चुप होना पड़ेगा।

वर्क फ्रंट की बात करें तो खेसारी लाल यादव जल्द ही आकांक्षा पुरी के साथ दो फिल्मों में नजर आएंगे। एक फिल्म का नाम है 'राजा राम' जिसमें दोनों का स्पेशल सॉन्ग 'चुम्मा चुम्मा' है। ये वीडियो सॉन्ग काफी बोल्ड है। इसमें खेसारी और आकांक्षा पुरी की केमिस्ट्री की काफी चर्चा है। इसके अलावा आकांक्षा और खेसारी की भोजपुरी फिल्म 'अग्नि परीक्षा' भी लाइन में है।

खेसारी लाल यादव और काजल राघवानी के बीच काफी झगड़े हुए और दोनों के अफेयर और ब्रेकअप की खबरें भी खूब उड़ीं और अब खेसारी लाल का नाम आकांक्षा पुरी के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों हाल ही में जिम में कुछ ऐसे वर्कआउट करते दिखे जिसके बाद से दोनों के अफेयर की खबरें और तेजी से आने लगीं। मगर खेसारी लाल यादव ने इस पर सफाई दी है।

# राजकुमार संतोषी की मुश्किलें बढ़ीं

### सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में बरकरार रखी सजा

**राजकोट** के सत्र न्यायालय ने निर्माता-निर्देशक राजकुमार संतोषी को दो चेक बाउंसिंग मामलों में निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। 17 फरवरी को जामनगर की अदालत ने संतोषी को दो साल की सजा और दिए गए पैसे की दोगुनी राशि जमा करने का आदेश दिया था।

राजकोट के सत्र न्यायालय ने निर्माता-निर्देशक राजकुमार संतोषी को दो चेक बाउंसिंग मामलों में एक-एक साल की सजा सुनाने वाली निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि संतोषी को पीड़ित को मुआवजा भी देना होगा। संतोषी ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की थी, लेकिन सत्र न्यायालय ने उनकी अपील को खारिज कर दिया।

**अदालत ने बरकरार रखी सजा:** इस मामले में शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीन कोटेचा ने अदालत में दलीलें दीं, जिनके तर्कों को अदालत ने स्वीकार किया। प्रवीन कोटेचा ने संतोषी के खिलाफ आरोपों को मजबूती से रखा, जिसके बाद अदालत ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया।

**निचली अदालत ने दिया था ये फैसला:** 17 फरवरी को जामनगर की सातवीं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने राजकुमार संतोषी को चेक बाउंसिंग के दो मामलों में दो साल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अदालत ने संतोषी को वह रकम दोगुनी राशि में जमा करने का आदेश भी दिया था, जो उन्होंने शिकायतकर्ता को चुकानी थी।

**सत्र न्यायाल ने खारिज कीं संतोषी की दलीलें:** संतोषी ने अपनी अपील में दावा किया था कि वह किसी तरह की धोखाधड़ी में शामिल नहीं थे, लेकिन सत्र न्यायालय ने उनकी दलीलें खारिज करते हुए निचली अदालत के आदेश को मान्यता दी। इस फैसले से यह साफ है कि अदालत ने शिकायतकर्ता के पक्ष में मजबूत फैसला दिया है।

